

Be Positive-Do Positive

Lets unite to help


Office Address :
Govindam Chamber, Kalwar Road,
Shrinath Filing Petrol Pump Ke Pass, Jaipur.
Phone: 9314476481
Email: admin@bepositivengo.com
Visit us@ www.bepositivengo.com


Account Number - 50373055872
Account Holder - Be Positive
Branch - INDIAN BANK
Sardar Khandaka Hospital Hathoj, Jaipur.
IFSC - IDIB000S578

Be Positive-Do Positive

Lets unite to help

# B+NGO



# स्मारिका-2022

( 1 अप्रैल 2017 से 31 मार्च 2022 )

## About Us

### बी पोजिटिव संस्थान

यह  एक भावना है उन लोगों की जो समाज के लिए कुछ करना चाहते हैं। ये उन लोगों का हुजूम है जो अपने समाज को एक परिवार की तरह देखते हैं और उसकी छोटी छोटी जरूरतों की पूर्ती करने का प्रयास करते हैं। इस संस्थान में अभी तक 40 से ऊपर सदस्य जुड़ चुके हैं। सभी सदस्य हर साल 20000रू जमा करवाते हैं ताकि किसी गरीब को फायदा पहुँचा सके। कोई भी गरीब व्यक्ति निम्न बिन्दुओं के आधार पर किसी भी सहायता के लिए सम्पर्क कर सकते है।

- गरीब का घर जल जाना।
- आजीविका का साधन खत्म हो जाना।
- अनाथ बच्चों की सहायता।
- गरीब परिवार के बच्चों के लिए पढ़ाई में सहायता।
- विधवाओं की सहायता, उन्हें रोजगार दिलाने में सहायता।
- बच्चों को कोचिंग दिलाने में सहायता।
- आंगनबाड़ी तथा सरकारी स्कूल के बच्चों को आवश्यक सामग्री वितरित करना।
- विकलांगों को रोजगार तथा आवश्यक सामग्री वितरित करना।
- अनाथालय को सहायता पहुँचाना।
- गरीब कन्याओं को कन्यादान या शादी में सहायता पहुँचाना।
- सामूहिक विवाह सम्मेलन में सहायता करना।
- सरकारी योजनाओं की जानकारी देने के लिए सेमिनार करना।
- बच्चों के भविष्य को सुधारने हेतु काउन्सलिंग करना।
- पर्यावरण के लिए पार्क तथा पेड़ पौधे लगाने में सहायता करना।
- गरीब परिवारों को चिकित्सा प्रदान करना, फ्री मेडिकल कैम्प करना।
- प्रताडित महिलाओं को सहायता पहुँचाना।
- बूढ़े माता पिता तथा सीनीयर सिटीजन की सहायता करना।
- जानवरों के लिए चारे तथा पानी की व्यवस्था करना।
- समय समय पर सफाई अभियान करना।
- ब्लड कैम्प लगवाना।
- सार्वजनिक स्थान पर पानी की व्यवस्था करना।
- बच्चों के मनोबल को बढाने के लिए पुरुस्कृत करना।
- लोगों को दूसरों की सहायता करने के लिए पॉजिटिव करना तथा उन्हें अपने साथ जोडना।
- दूसरे अच्छे संस्थानों या ग्रुप को सहायता पहुँचाना।
- गरीब परिवार के लोगों को अशियाना प्रदान करने में सहायता करना।
- जहाँ भी दिल पसीज जाए वहीं पर आगे बढकर सहायता करना।
- यह संस्थान धर्मिक स्थानों पर पैसा खर्च नहीं करेगा। इसका मात्र उद्देश्य समुदाय को सहायता पहुँचाना है।







Be Positive-Do Positive
*Let's unite to help*

## कार्यकारिणी समिति

-- संगठन की कार्यकारिणी समिति --



कन्हैया लाल यादव
अध्यक्ष



डॉ. अशोक पुनिया
उपाध्यक्ष



मोहन लाल यादव
कोषाध्यक्ष



मनमोहन यादव
सचिव


Be Positive-Do Positive
Lets unite to help



डॉ. अनुष्का यादव
सह कोषाध्यक्ष



रामस्वरूप यादव
उपसचिव



डॉ. अमित यादव
प्रचार सचिव-I



उर्मिला यादव
प्रचार सचिव-II

## हिंगोनिया गोशाला को सहायता राशि





**गौसेवार्थ आगे आई 'बी पोजीटिव संस्था', गौशाला में टिन शेड के लिए दिए 21 हजार**

बेसहारा पशुओं की सेवा का संकल्प, सरकार से भी प्रभावी योजना का आह्वान

B+ NGO की तरफ से 17 मार्च 2017 को 21000 रुपए का चेक हिंगोनिया गोशाला को गायों की छाया हेतु प्रदान किया गया ।

## घर बसाने उमड़े मददगार

दिनाक 30 मार्च 2017, सवेरे हमें अखबार के माध्यम से सूचना मिली की रितु , वैशाली नगर के घर में आग लगने से पूरा सामान जल गया तथा उसकी पाँच दिन बाद ही शादी होने वाली थी ।हमारी B+ NGO टीम ने उसके घर जाने का तय किया ताकि स्थिति का जायजा लिया जा सके तथा आवस्यकता अनुसार सहायता की जा सके । स्थिति वास्तव में खराब पायी गयी लेकिन बहुत सारे लोग मदद के लिए आगे आए ओर सहायता की ।हमारे NGO के सदस्यों ने भी आवश्यकता अनुसार 21000 रुपए का चेक परिवार वालों को भेंट किया

मोके पर बनसीजी RAS, कन्हैया लालजी, रणजीत जी, रमेश जी, मोहनजी ओर जगदीश जी चोधरी मोजूद थे।





## बी पॉजिटिव संस्थान ने जरूरतमंद को दी आर्थिक सहायता

दिनांक 21 मई 2017 को आए हुए तेज अंधड़ से रामेश्वर वर्मा निवासी ठाकुरसी के बास मकान पर रखे हुए टीन सेट उड़ गए थे उनकी आर्थिक स्थिति ठीक न होने के कारण सिर ढकने की जगह भी नहीं बची थी रामेश्वरजी के परिवार में उनकी चार लड़कियां दो लड़के हैं उनका लालन-पालन भी रामेश्वरजी की मजदूरी से की गई आय से पूरा नहीं होता उनकी सहायता के लिए बी पॉजिटिव संस्थान आगे आया और टिन सेट के लिए रू. 10000 की सहायता प्रदान की। मोके पर सरपंच लोहरवाड़ा श्री गणेश यादव तथा जगदीश चोधरी मोजुद थे ।





## रक्तदान शिविर का आयोजन

आज दिनांक 2 अप्रैल 2017 को नाथी का बास में सभी ग्राम वासियों ने मिलकर द्वितीय रक्त्दान शिविर आयोजित किया ।इस अवसर पर B+ NGO टीम ने भी अपनी दस्तक दीं।NGO टीम के बहुत सारे सदस्य रक्तदान करने नाथी का बास पहुँचे ।टीम ने ग्रामवासियों का रक्त्दान शिविर रखने के लिए धन्यवाद करते हुए सहायता राशि के रूप में 4100 रुपए का चेक भेंट किया ओर भविष्य में ओर भी सहायता करने का आस्वाशन दिया ।टीम के सभी सदस्यों ने रक्तदान में बढ़ चडकर भाग लिया ।साथ ही मुफ्त चिकित्सा शिविर आयोजित किया ताकि सभी ग्रामवासी अपना हेल्थ चेक उप फ्री में करवा सके ।इस मोके पर रणजीत जी यादव बनसीजी यादव , रमेश यादव , भगचंदजी यादव ,कनैया लाल जी , जगदीश चोधरी , रामकिशोर यादव , लक्ष्मी नारायण यादव मोहन यादव , मनमोहन यादव , लालचंद यादव , जयराम यादव , गिरिराज यादव आदि मोजूद थे ।








## बी प्लस एनजीओ ने बच्चों को पोशाक वितरण किया

दिनांक 15 अगस्त 2017, राजकीय उ.मा.वि. बाघावास में स्वतंत्रता दिवस समारोह में B+Positive NGO द्वारा सहायतार्थ जरूरतमंद विद्यार्थियों को स्कुल युनिफार्म पंचायत सरपंच गोपालजी यादव व भूतपूर्व सरपंच भैरू प्रसादजी यादव द्वारा प्रदान की गई।





## बी प्लस एनजीओ ने दी स्कूल में आर्थिक सहायता



दिनांक 15 अप्रेल 2017, जैसा कि सभी को ज्ञात हे की शिक्षा के इस निजीकरण के दौर में आज सरकारी स्कूल पिछड़ती जा रही हे ओर जहाँ अध्यापक तथा बच्चे इन्हीं स्कूल्ज के बरोसे अपना भविष्य बनाना चाहते हे वहाँ आधारभूत सुविधाए आज चुनोती बनी हुई हे । ऐसा ही एक केस B+ NGO के सामने रंजीतपुरा सरकारी स्कूल के रूप में सामने आया ।दो दिन पहले ही एक अध्यापक श्री संतोष कुमार यादव ने हमें फोन करके बताया की कमरों की कमी के कारण बहुत से बच्चे बाहर पेड़ के नीचे बेठकर शिक्षा ग्रहण करते हे ।सभी अध्यापक मिलकर टीन शेड लगाने का प्रयास भी कर रहे थे परंतु फिर भी आर्थिक सहायता की दरकार थी ।हमारी टीम तुरंत मोके पर पहुँची तथा स्तिथी का मुआयना किया ओर पाया की वास्तव में हमें कुछ सहायता करनी चाहिए ताकि सभी सहयोगकर्ताओ का मनोबल बढ़े ओर बच्चों को छत मिल सके । हमारी टीम ने तुरंत आवशत्तनुसर 11000 रुपए प्रधानाध्यापक को प्रदान किए। मोके पर कनहेया लाल जी, जगदीशजी चौधरी , तथा मोहन लाल जी यादव ओर सभी अध्यापक मोजूदथे ।।





दिनांक 8 अगस्त 2017, B+NGO ने राजकुमार यादव आईएएस के नेतृत्व में अदभूत पहल ''प्रेरणा'' शुरू की हे।जिसका उदेश्य 11 व 12 के बच्चों को अपने जीवन के लक्ष्य के बारे में अवगत कराते हुये अपने करियर के बारे में मार्ग दर्शन प्रदान करना हे जिससे कि सभी सरकारी स्कूल के बच्चे भी सिविल सेवा की तैयारी कर सके इसी के तहत आज राजकीय उच्च माध्यमिक बालिका विद्यालय किशनगढ़ रेनवाल तथा बागावास में ''प्रेरणा'' सेमिनार आयोजित किया ।राजकुमार आईएएस के आने पर सभी बच्चों ने उनका स्वागत किया तथा कक्षा 11 व 12 के बच्चों के साथ मे अंतर्क्रियतमाक सेमिनार का आयोजन हुआ ।इसके तहत सभी बच्चों से उनके जीवन के लक्ष्य के बारे में बातचीत हुई।

यादव ने बताया कि 11 व12 के बाद में बच्चों को मार्गदर्शन की बहुत जरूरत होती है ।यही उम्र हे की बच्चे नकारात्मक व सकारात्मक दिशा का चयन करते हैं अगर इस उम्र के पड़ाव में उन्हें सही दिशा मिल जाये तो चमत्कार करने से उन्हें कोई नही रोक सकता।यादव ने सीवील सेवा में चयन की पूरी प्रक्रिया बताई तथा हार्ड स्टेडी की जगह स्मार्ट स्टडी पर जोर दिया ।प्राध्यानाध्यापक तथा अध्यापिका ने इस सेमिनार के बारे में कहा कि यह B पोसिटिव NGO की एक आदर्श पहल हे व बच्चों में सकारात्मक ऊर्जा में आवश्यक पहल है। बागावस स्कूल में पोधा रोपण का भी आयोजन किया गया ।मोके पर बी पोजिटीव NGO की तरफ से मनमोहन यादव , लालचंद यादव , महेश यादव , लक्ष्मी नारायण यादव तथा संतोष यादव मोजूद थे ।





## विद्यार्थियों को दी कैरियर बनाने की जानकारी

दिनांक 21 नवम्बर 2017, आज हमारे B+NGO के द्वारा चलाए गए ''प्रेरणा'' कार्यक्रिम के अंतर्गत पिलिखेड़ा, प्रतापगढ़ उच्च माध्यमिक विधालय एवं तुम्बदिया, चित्तोरगढ़ उच्च माध्यमिक विधालय के सभी 9 वी , 10 वी , 11 वी तथा 12 वी कक्षा के विधार्थियो का सिविल सेवा के लिए मार्गदर्शन करने का मोका मिला । जयपुर से बाहर हमारे NGO का पहला कार्यक्रम है।





## आईएएस कैडर में राजस्थान का प्रतिनिधित्व बढ़ाने का प्रयास

दिनांक 23 दिसम्बर 2017, प्रेरणा – आज हमारे B+ NGO के द्वारा चलाए गए ''प्रेरणा'' कार्यक्रिम के अंतर्गत छारेड़ा उच्च माध्यमिक विधालय, दौसा के सभी 9वी, 10वी, 11वी तथा 12 वी कक्षा के विधार्थियो का सिविल सेवा के लिए मार्गदर्शन करने का मोका मिला।

## बी पॉजिटिव संस्था ने गरीबों को बांटें सौ कंबल








दिनांक 14 जनवरी 2018 को हमारे B+ NGO के सदस्यों ने NGO की तरफ से फूटपाथ पर सो रहे लोगों की 100 कम्बल बाटकर सहायता की।

## बी पॉजीटिव (एनजीओ) का स्नेह मिलन समारोह दिनांक 24 दिसम्बर 2017












Be Positive-Do Positive
*Let's unite to help*

बी पॉजीटिव (एनजीओ) का स्नेह मिलन समारोह दिनांक 24 दिसम्बर 2017






## B+ NGO के बेनर तले एक अनूठी पहल "प्रेरणा कार्यक्रम"

बी पॉजिटिव NGO द्वारा ''प्रेरणा'' कार्यक्रम ग्रामीण परिवेश के छात्र छात्राओं को भविष्य में सिविल सर्विसेज के लिए कैरियर संबंधी मार्गदर्शन देने के लिए एक पहल के रूप में शुरू किया गया है। विद्यार्थियों को अपने प्रारंभिक स्कूल जीवन में ही सिविल सर्विसेज एवं अन्य सेवाओं की तैयारी के लिए प्रेरित करना इसका उद्देश्य है ।

इस कार्यक्रम में NGO सदस्य ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में जाकर छात्र-छात्राओं को अपने सफलता के लिए किए गए प्रयासों एवं अनुभवों को सांझा करते हैं। यह देखने में आया है कि ग्रामीण परिवेश के विद्यार्थियों में सिविल सर्विसेज एवं अन्य सेवाओं की तैयारी के बारे में कई भ्रांतियां रहती है एवं एक कठिन चुनौती के रूप में मानते हैं इन सभी कठिनाइयों एवं चुनौतियों से किस प्रकार अपनी प्रारंभिक विद्यार्थी जीवन में ही सामना किया जाए इस लक्ष्य के साथ प्रेरणा टीम काम करती है। इसके अंतर्गत एनजीओ के अपने क्षेत्र में सफल एवं अनुभवी सदस्यों द्वारा एक मोटिवेशनल सत्र का आयोजन हर सरकारी विद्यालयों में किया जाता है। अब तक लगभग दस हजार से ऊपर विद्यार्थियों को इससे फायदा मिला है ।

**मोटिवेशनल सत्र में निम्न बिन्दुओ पर चर्चा की जाती है –**

1. बच्चों को प्रेरित करने के लिए अपने सफलता की कहानी को साझा करना ।
2. बच्चों के नेगेटिवीटी को पोजिटिविटी में बदलना।
3. दसवी कक्षा के बाद ही बच्चों को अपने जीवन के लक्ष्य को सेट करने के लिए प्रेरित करना।
4. स्मार्ट स्टडी की तरफ ध्यान दिलाना ।
5. पढ़ने के सही माध्यम बताना ।
6. कॉलेज के समय सही दिशा में तैयारी करते हुए आगे बढ़ना ।
7. सही संगति के साथ टाइम टेबल बनाकर पढ़ाई करना ।
8. असफलताओं को मुँह तोड़ जवाब देकर कैसे आगे बढ़े , जैसे अनुभव साझा करना ।
9. 12 वी कक्षा के बाद सफलता पाने के लिए क्या करे, का उत्तर बच्चों को प्रदान करना ।
10. कैसे हम अपने दिमाग को सकारात्मक दिशा में मोड़ सकते है तथा जीवन में मनोबल प्राप्त कर सकते है आदि बातो पर चर्चा करना ।
    एनजीओ इस कार्यक्रम के तहत प्रतिभावान तथा जरूरतमंद विद्यार्थियों को आर्थिक सहायता भी देता है।

आज बड़ी डूँगरी के पास एक ऐक्सिडेंट हुआ जिसमें दो आदमी गम्भीर रूप से घायल हुए । 10-15 मिनट तक सभी लोग इक्कटे रहे लेकिन किसी ने भी उनकी सहायता नहीं की । तभी हमारे B+ के तीन सदस्य मनमोहन जी राजू ओर संतोष वहाँ से गाड़ी लेकर गुजर रहे थे । उन्होंने स्तिथि को भाँपते हुए हाथों हाथ उनको गाड़ी में लेकर रेनवाल हॉस्पिटल पहुँचाया । सभी घरवाले उन तीनो का धन्यवाद कर रहे थे । ऐसे बी पॉजिटिव दोस्तों को धन्यवाद ।

On dated 12/01/18 at the occasion of carrier day Khemaram RAS toured govt sr sec school Kaliyawas ASind bhilwara and guided motivated and inspired the students of school and gave them tips regarding cse and ras preparation and also other competitive exams. It was good experience under the auspices of Prerna initiative of B positive ngo.



## आग ने उजाड़ा संसार, लगाई मदद की गुहार



दिनांक 14 फरवरी 2018, बड़े दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है की नानु राम जी शर्मा, लोहरवाड़ा के यहाँ कल रात को घर में आग लग गयी और इसके कारण पूरी संपत्ति, गहने, खाने का सामान, पशु आदि सभी खत्म हो गए है। गाँव के सभी लोग अभी जाकर उसकी सहायता कर रहे है। B+ NGO की तरफ से दुःख की इस घड़ी में आर्थिक सहायता मिल जाए तो बहुत कृपा होगी । लाखों के नुकसान को देखते हुए ओर सरपंच लोहरवाड़ा की सलाह के अनुसार 25000/- रुपए NGO की तरफ से प्रदान किए गए ।








Be Positive-Do Positive
Let's unite to help

## आग में जल गया था सबकुछ बी पोजिटिव ने ली सुध

दिनांक 8 मार्च 2018, ग्राम- सरना चौड में चिरंजीलाल शर्मा जी के घर आग लग गई थी, और पूरा सामान जल गया पहनने के कपड़े, बर्तन, पैसे सभी सामान जलकर राख हो गया । बी पोजिटिव NGO द्वारा सदस्य संजय कंस्वा ने 20000 ( चौक ) की सहायता प्रदान की गई।



## पीड़ित को दी 40 हजार की आर्थिक सहायता



दिनांक 10 मार्च 2018, नंछुराम जी , खोरी शाहपुरा जिनके घर आग लगने से हाल ही में भारी नुकसान हुआ था उनको हमारे B+ NGO के सदस्य श्री शिवरामजी ने घर जाकर 40000/- रुपए का चेक प्रधान किया । सभी ग्रामिनो ने हमारे NGO द्वारा उठाए गए कदम की तारीफ की ।

## नर सेवा ही नारायण सेवा: यादव

### जरूरतमंद परिवार को बेटी की शादी पर बीपॉजिटिव एनजीओं ने की सहायता



आज दिनांक 24 जुलाई 2018 को B+ NGO के सदस्यों ने लोहरवाड़ा के गरीब हरिजन परिवार के मुख्य श्री लालूरामजी जझोतरा को अपनी बेटी की शादी के उपलक्ष्य में 11000/- रुपए का चेक आशीर्वाद स्वरूप प्रदान किया । इस मोके पर सरपंच श्री गणेश यादव , जगदीशजी , लक्ष्मण जी धगड़ा , ओर दूसरे गाँव के लोग मोजुद थे । परिवार के सदस्यों ने B+ NGO के सदस्यों का इस नेक काम के लिए धन्यवाद किया ।

# जरूरतमंद परिवार को बी पॉजिटिव एनजीओं ने की सहायता

दिनांक 26 जुलाई 2018 सुबह हमारे B+ NGO के सदस्य श्री मोहनजी यादव ने अखबार में समाचार पढ़े की उदैपुरिया गाँव में एक गरीब परिवार का पूरा घर तेज बारिश के कारण ढह गया हे ।इस समाचार के आधार पर हमारी टीम के सदस्यों ने घटना की पड़ताल की। सरपंच उदयपुरिया से बात होने पर पता चला हे की गीता देवी पत्नी स्वर्गीय बाबू लाल हरिजन का घर कल शाम को हुए तेज बारिश के कारण टूट चुका है ये केवल एकमात्र आशियाना था ओर इसके ढह जाने के कारण गीता देवी ने अपने तीन बच्चों के साथ जेठ के घर में शरण ली है प्रशासन द्वारा कोई सहायता नहीं मिली है। सरपंच से बात कि गयी है ओर सरपंच से विश्वास दिया है की अगर 20000/- रुपए की सहायता हमारे NGO के द्वारा की जाती है तो बाकी की सहायता सरपंच खुद करके उसका ये कमरा वापिस बनवा देगा। इसलिए B+ NGO के सभी सदस्यों ने 20000/-रुपए के इस प्रस्ताव को पास किया हे ताकि पीड़ित को सही समय पर सहायता हो सके। चेक कल सुबह सरपंच की उपस्तिथि में पीड़ित के परिवार को प्रदान किया जाएगा ।



# स्वाइन फ्लू रोगी को 50 हजार की सहायता





28 सितम्बर 2018 शाम को ये अखबार की न्यूज देखी जिसमें लोगों से अपील की गयी थी इस परिवार की सहायता करने के लिए जिनका बच्चा लकवे के कारण अस्पताल में भर्ती हे ।आर्थिक हालत अच्छी नहीं होने के कारण हमारे NGO ने रमेश जी कुमावत की सहायता करने की सोची ओर हमारी टीम आज सुबह अस्पताल पहुँची। हमारे अध्यक्ष महोदय का बड़ा दिल देख के आज अहसास हुआ की मानवता जिंदा है। अध्यक्ष महोदय रणजीत जी ने NGO में पहले 50000/- रुपए जमा कराए है तथा फिर ये 50000/- का चेक रमेश कुमावत के नाम से काटा है ताकि हमारे NGO का नाम आगे बढ़े आज चेक रमेश जी कुमावत को दिया गया जिनका बच्चा अस्पताल में भर्ती हे ओर जीवन के लिए लड़ रहा हे ।रमेश जी कुमावत , जोबनेर की आर्थिक हालत अच्छी नहीं होने से NGO ने सुध ली ओर इस परिवार को सहायता प्रदान की गयी ।हम सभी सदस्य दुआ करते हे की इनका बच्चा जल्दी ठीक हो जाए । अध्यक्ष महोदय प्रशंसा के पात्र हे जिन्होंने इतनी उदारता दिखायी ।

# एबीएस हॉस्पिटल दूदू की बेहतरीन पहल...

दिनांक 27 फरवरी 2019, हमारे सदस्य डॉक्टर अशोक पूनिया जी ने B+ NGO के बेनर के नीचे एक अनोखी पहल शुरू की है । गरीब लोगों की सर्जरी तथा दूसरी बीमारियों का फ्री इलाज करना शुरू किया है ।बहुत से लोगों को 50000/- रुपए तक की फ्री सुविधा मिली है। हमारे ऐसे सदस्य पर हमें गर्व है ।



Be Positive-Do Positive
Let's unite to help

# जरूरतमंद लोगों को बांटे कंबल

दिनांक 20 दिसम्बर 2018, बी पोजिटिव की तरफ से बढ़ती सर्दी को मद्देनजर रखते हुए जो जरूरतमंद लोग हैं उनको एस एम एस हॉस्पिटल, जेके लोन हॉस्पिटल, रेलवे स्टेशन एवं चौमू पुलिया आदि स्थानों पर फुटपाथ पर सोते हुए लोगों को कंबल का वितरण किया गया...

हमारे एनजीओ की सार्थकता तब साबित हुई जब देखा कि काफी लोगों ने इस ठंड भरी सर्द रात में खुले आसमान के नीचे सो रहे है और हम सब ने मिलकर कुछसहयोग किया, कुछ पोजिटिव काम किया है ...

सभी सदस्यों का बहुत-बहुत धन्यवाद साधुवाद जो इन्होंने एक पहल की है।





दिनांक 28 दिसम्बर 2018, जयपुर में रहने वाले सिकंदर नाम के मजदूर के घर आग लगने के कारण तुरंत अंतरिम सहायता B+ NGO की तरफ से हमारे सदस्य अमित यादव द्वारा पहुँचाई गयी । अमित ने वह जाकर घर वालों को कम्बल, रजाई , बिछोना , बच्चों के लिए कम्बल ओर कपड़े आदि प्रदान किए। ज्ञात रहे कि NGO गरीबों की सहायता के लिए हमेशा तत्पर रहता है ओर इस क्षेत्र में सहयोग की कामना करता है।

# एनजीओ द्वारा आग लगने पर आर्थिक सहायता

दिनांक 29 दिसम्बर 2018, जानकारी के अनुसार बलाड़ निवासी अमृतराम पुत्र श्री खेतराम के घर में आग लगने से सब कुछ नष्ट हो गया था ।ओर कोई भी सरकारी या निजी सहायता नहीं मिली । पूरा परिवार रात को गाव वालों के रहम पर बिना घर के गुजर बसर कर रहा था। ऐसे मैं हमारे NGO को जब ये खबर मिली तो सदस्य जगदीश जी यादव मोके पर पहुँचे ओर परिवार को सांत्वना के साथ साथ आवश्यक सामग्री प्रदान की ।







# पॉजिटिव सोच के साथ अध्ययन करें सफलता अवश्य मिलेगी

दिनांक 30 जनवरी 2019, आज बी-पोजिटिव एनजीओ की तरफ से प्रेरणा कार्यक्रम के तहत राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, मोरीजा में आईएएस राजकुमार यादव, आरएएस ओ पी सेनी एवं एनजीओ सदस्यों द्वारा छात्र-छात्राओं को सिविल सेवाओं में की तैयारी के लिए मार्गदर्शन किया। सभी छात्र-छात्राओं का जोश देखने लायक था आईएस राजकुमार ने विद्यार्थियों को हार्ड स्टडी के साथ-साथ स्मार्ट स्टडी, अध्ययन का टाइम टेबल एवं सामान्य ज्ञान के लिए पत्र-पत्रिकाओं के नियमित अध्ययन के लिए प्रेरित किया। ज्ञातव्य हो की बी पोजिटिव एनजीओ विभिन्न प्रकार के सामाजिक कार्य एवं केरियर गाइडेंस के लिए काम करता रहा है।







# लक्ष्य के साथ छात्र आगे बढ़े अपने आप मिलेगी सफलता



दिनांक 26 फरवरी 2019, B+ NGO की तरफ से 'प्रेरणा' कार्यक्रम रलावता सरकारी विधालय में आयोजित किया गया। जिसके अंतर्गत सरकारी स्कूल के सभी बच्चों को सिवल सेवा में जाने के लिए प्रेरित करना ओर प्रक्रिया बताना था। सबसे पहले शैतान सिंह यादव, आर.ए.एस. एवं Dr रामफूल सिंह यादव, कॉलेज व्याखाता ने अपने संघर्ष के बारे में बताया, उसके बाद राज यादव आई.ए.एस. ने अपने अनुभव साझा करते हुए IAS एवं दूसरी सेवाओं में जाने की प्रकिया साझा की। सभी बच्चों का उत्साह देखते ही बन रहा था। सबसे टॉपर विध्यार्थी मुस्कान को पुरस्कार भी देकर सम्मानित किया गया। स्कूल के प्रशासन के निवेदन पर पानी में फलोराइड की समस्या को देखते हुए दस हजार रुपए की लागत का एक RO NGO की तरफ से प्रदान किया गया। मोके पर अन्य सदस्य महेश यादव, मनमोहन यादव, लालचंद यादव एवं स्कूल प्रशासन मोजुद था।





# बी पोजिटिव एनजीओ की वार्षिक बैठक का आयोजन हुआ





दिनांक 27 फरवरी 2019, बी पोजिटिव एनजीओ की वार्षिक बैठक का आयोजन हुआ जिसमें बी पोजिटिव एनजीओ के वर्ष भर के कार्य एवं एनजीओ द्वारा नवीन क्षेत्रों में सेवा संभावनाओं पर चर्चा की गई। इस अवसर पर नए सदस्यों का स्वागत सम्मान कार्यकारिणी द्वारा किया गया। इस अवसर पर एनजीओ की वेबसाइट www-bepositivengo-com लांच की गई।

गौरतलब है कि बी पोजिटिव एनजीओ सामाजिक कार्य एवं ग्रामीण क्षेत्रों में विद्यार्थियों के कैरियर संबंधी मार्गदर्शन हेतु लगातार कार्य करता रहा है। वार्षिक बैठक में नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया। अध्यक्ष रणजीत सिंह यादव सचिन, कन्हैया लाल यादव उप सचिव, मन मोहन यादव कोषाध्यक्ष, मोहन लाल यादव उप कोषाध्यक्ष, सीताराम डिशानियां प्रचार, सचिव डॉ अमित यादव का चयन किया।

एनजीओ द्वारा आगामी दिवसों में रक्तद्यान शिविर, चिकित्सा शिविर के आयोजन हेतु प्रस्ताव रखे गए। एनजीओ की बैठक में आने वाले वर्षों के लिए शुल्क को घटाकर 51 सो रुपए वार्षिक किया गया। एनजीओ के सभी सदस्य द्वारा डॉक्टर अशोक पूनिया द्वारा द्वा शुरू की गई अनूठी पहल जिसमें 50000 तक की फ्री सर्जरी जरूरतमंद लोगों के लिए की जाएगी का स्वागत किया।
बी पोजिटिव सदस्य राजकुमार यादव ( आईएएस ) ने धन्यवाद भाषण दिया।









# आग से दो कच्चे घर जले, दहेज का सामान भी खाक






दिनांक 3 मार्च 2019, दो दिन पूर्व प्रसारित आग से घर एवं दहेज का सामान जल जाने की खबर मिलने के बाद बी पॉजिटिव NGO के सदस्य मोहन यादव ने आगे की जानकारी ली और पता चला की लालाराम बावरिया ,अनतपुरा चोड़ निवासी के यहाँ आग लग जाने के कारण सारा सामान नष्ट हो गया ।उसकी तीन लड़कियों की शादी दस मार्च को है ।बात करने पर पता चला है की घर की हालत बहुत खराब है ।उसकी आवशकता के अनुसार अगर हमारे NGO ने अनाज , कपड़े ओर शादी की कुछ सामग्री पहुँचाने का निर्णय लिया ।

आज पीड़ित परिवार को सहायता पहुँचाने के लिए अन्नतपुरा गाँव में गए तथा सहायता इस प्रकार से की है

घर के लिए स्टील चद्दर पहले ही किसी समाज सेवक द्वारा दी जा चुकी थी। उपरोक्त सामग्री में 3 -3 रजाई - गद्दों, 20किलो चीनी, 15 किलो तेल, 100 किलो गेहूँ के अलावा बाकी सामग्री हमारे NGO की सदस्य सीमा कुमारी मीना ( परिचलाक R-S-R-T-C- ) द्वारा अपने स्वयं के खर्चे से दी है अत: सभी NGO सदस्यों के साथ सीमा जी को बहुत बहुत धन्यवाद और साधुवाद ।

# बी पॉजिटिव संस्थान द्वारा एक और सकरात्मक पहल



दिनांक 5 मार्च 2019, रलावता राजकीय विद्यालय के छात्र-छात्राओं के लिए फ्लोराइड मुक्तपानी उपलब्ध करवाने हेतु दिया गया RO आज स्कुल में लगाया गया... सभी बच्चे शुद्ध पानी पीकर बड़े खुश हुए.. बी पोसिटिव NGO के संस्थापक श्रीमान राजकुमार जी यादव जिला कलेक्टर सिक्किम के अगुवाई में जरूरतमंद लोगों की सहायता के लिए सदैव तत्पर रहता है दहव के कार्यक्रम ''प्रेरणा'' के तहत रूबरू होते समय पता चला वहा स्कूल में फ्लोरिड पानी की बहुत ज्यादा समस्या थी जिससे काफी बच्चे प्रभावित होके बीमार हो रहे थे ,समस्या की गंभीरता को देखते हुए BE POSTIVE NGO ने तव तुरंत प्रभाव से स्कूल को उपलब्ध करवाया। बच्चो के चेहरे की खुशी देख कर आप इसकी अहमियत समझ सकते है।

# प्रेरणा कार्यक्रम पूजा महाविद्यालय

दिनांक 19 अगस्त 2019

पूजा महाविद्यालय में आज राज कुमार यादव IAS एवं कृष्ण यादव RAS ने बालिकाओं को जिंदगी में कुछ महान करने के लिए प्रेरित किया । सिविल सेवा तथा दूसरी सेवाओं में कैसे आगे बढा जाए आदि की जानकारी दी ।









# आर्थिक सहायता

दिनांक 19 अप्रेल 2019, विगत दिनों अपने एनजीओ ग्रुप में छोटूरामजी निवासी भरतना, इटावा ( UP हाल निवासी बधाल जयपुर ) के कूल्हे की हड्डी के प्रत्यारोपण के लिए 20000 रुपए का रुपए का एनजीओ की तरफ से मदद करने का प्रस्ताव लिया था।

ज्ञात हो कि इस मरीज के इलाज में महेशजी व बाबू लाल जी यादव ने पहल की एवं डॉ सुशील जी यादव की सक्रिय योगदान से इनका सफलतापूर्वक कूल्हे की हड्डी का प्रत्यारोपण हो पाया।

एनजीओ के सभी सदस्यों द्वारा इनकी पहल को हार्दिक धन्यवाद

श्री छोटू राम जी के इलाज में कुल खर्च 65900/- प्रत्यर्पण स्टैंड 20000/- दवा खर्च15000 हॉस्पिटल चार्ज, 100000 ( कुल एक लाख रुपये )

इस कुल खर्च में बी पॉजिटिव एनजीओ द्वारा कुल 20000 की मदर की गई शेष 80000 की आर्थिक मदद एवं संयोग डॉक्टर सुशील जी डॉक्टर सांवर जी डॉक्टर संदीप जी एवं बाबूलाल जी के द्वारा की गई वास्तव में इस प्रकार का सहयोग एवं टीम भावना ही हमारे एनजीओ का ध्येय है।



# शादी के लिए आर्थिक सहायता



दिनांक 15 मई 2019, सोनू शर्मा उम्र 23 निवासी हिगोनिया का विवाह आज 15 मई को है। सोनू के पिता कैलाश गांव मे ही एक छोटी सी मिठाई की दुकान कर सोनू के साथ दो छोटे बेटे अपनी पत्नी व विधवा मां का पेट भर रहे थे। कैसे जैसे काम चल रहा था पर ईश्वर का फैसला कुछ ओर ही था । आज से लगभग चार साल पूर्व श्रीमाधोपुर के पास आयोजित परिवार की ही सवामणी मे पास बने पानी के कुंड मे डूब जाने से सोनू के पिता केलाश की अकाल मोत हो गई। परिवार पर दुखो का पहाड टुट पड़ा। सोनू के ननिहाल व चाचा की मदद से पेट भरता रहा।

आज कैलाश की प्यारी सोनू की शादी है। खुशी मे भी सोनू के घर हर किसी के आख मे आंसु है। B+ NGO को इस परिवार की जब जानकारी मिली तो उन्होंने तुरंत बी पोजीटीव मेमबरस से बात कर 20,000 का चौक सरपंच श्री गणेश जी यादव के साथ सोनू के घर भिजवा दिया । सोनू व परिवार से मिल सरपंच साहब की आखे भी भर आई। इस मदद के लिए तमाम B+ सदस्यों को दिल की गहराईयो तक धन्यवाद ।

# संस्कृत प्राथमिक विद्यालय बागावास के बच्चों को स्कूल यूनिफॉर्म भेंट

दिनांक 5 जुलाई 2019, हमारे बी पॉजिटिव के सदस्य विनोद यादव ( आईएएस ) को राजकीय संस्कृत प्राथमिक विद्यालय बागावास के स्टाफ ने अपने एनजीओ के माध्यम से जरूरतमंद गरीब विद्यार्थियों को स्कूल यूनिफॉर्म उपलब्ध करवाने के लिए निवेदन किया तो हमारे एनजीओ की तरफ से इन गरीब विद्यार्थियों को ड्रेस देने का प्रस्ताव पास किया है

इस पहल से ना केवल इनके पास एक अतिरिक्त ड्रेस हो जाएगी बल्कि उन्हें विद्यालय में शिक्षा के लिए जोड़ने में भी हम सफल हो सकते हैं। लगभग 10 से 15 विद्यार्थियों को यूनिफॉर्म उपलब्ध करवाने का खर्चा लगभग दस हजार रुपये होगा। जिसका प्रस्ताव पास हुआ है ।





## घर के लिए आर्थिक सहायता

दिनांक 8 जुलाई 2019 विकास पुत्र स्व. श्री शंकर लाल गांव रामजीपुरा को हमारे NGO के सदस्य मनमोहन जी व संतोष जी ने उनके घर जाकर घर को पुनः बसाने व नए जीवन के शुरुवात के लिए 25000 का चेक दोनों भाई व बहिन को गांव वालों के सामने चेक प्रधान किया ।

इस पावन कार्य के लिए उपस्थित समस्त ग्रामवासियों ने हृदय से सराहना की।

## बाघावास स्कूल के विद्यार्थियों को पौसाक वितरित





दिनांक 8 जुलाई 2019, NGO की तरफ से बाघवास स्कूल के 40 विद्यार्थियों को विद्यालय पोसाक वितरित

'बाघावास' सोमवार 07 जुलाई कस्बे के राजकीय उच्च प्राथमिक संस्कृत विद्यालय में जरूरतमंद विद्यार्थियों को स्कूल पोसाक वितरण कार्यक्रम मैं भाई आई ए एस विनोद यादव के मुख्य आतिथ्य एवम संस्था प्रधान सांवरमल कुमावत की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। शिक्षक लक्ष्मीनारायण सामरिया ने बताया कि बी पॉजिटिव एन. जी.ओ के द्वारा 40 जरूरतमंद विद्याथियों को विद्यालय पौशाक वितरित की गई स इस दौरान रामस्वरूप यादव, सीताराम यादव, राजेन्द्र यादव, जीतू यादव सहित शिक्षक ओमप्रकाश स्वामी, रामकुमार बुनकर और शिक्षिका भाभी जी अर्चना यादव उपस्तिथ रहे ।





# सिक्किम कलेक्टर ने बिचून में विद्यार्थियों को किया प्रेरित, मेधावी छात्रा का सम्मान

दिनांक 6 अगस्त 2019, सिक्किम जिला कलेक्टर राजकुमार यादव ने ग्राम बिचून में छात्रों को किया प्रेरित।

बिचून ग्राम पंचायत में राजकीय आदर्श सीनियर सैकंडरी स्कूल में बी पोसिटिव संस्थान दहव के अंतर्गत प्रेरणा कार्यक्रम के तहत सिक्किम जिला कलेक्टर राजकुमार यादव ने बच्चो को सिविल सर्विसेज कि तैयारी कब और कैसे करनी है के बारे में विस्तार से बच्चों को जानकारी दी। यादव जी ने बताया कि कक्षा 11,12 से लक्ष्य निर्धारित करके रोज पढ़ाई के साथ अखबार और समाचार देखने के लिए बताया। बार-बार असफलतओं से ना घबराकर, जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाये तब तक निरन्तर प्रयास करते रहने के लिए कहा। कलेक्टर साहब ने एक स्कूल की टॉपर छात्रा को 2100 रू. का प्रोतसाहन राशि देके छात्रा का मनोबल बढ़ाया। बी पोसिटिव संस्थान से जूड़े डॉ अमित यादव ने बताया कि डॉ बनने के लिए 11वीं व 12वीं क्लास के विषय को ध्यान से पढ़े और निरन्तर खेल खुद के साथ पढ़ाई करते रहे। डॉ अमित यादव ने कहा कि पैसों की गरीबी से कोई फर्क नही पड़ता इरादे अमीर होने चाहिए जैसे पंक्तिय़ों से छात्रों का मनोबल बढ़ाया। बी पोसिटिव संस्थान के सदस्य कन्हैया लाल यादव ने बच्चों को पढ़ाई के साथ खेल खुद में रुचि रखने के लिए भी प्रेरित किया और ता एकडेमी में निशुल्क कबड्डी शिखने के लिए भी कहा। कार्यक्रम में दहव के सदस्य लक्ष्मण यादव व लक्ष्मीनारायन यादव भी उपस्थित रहे। आखिर में ग्राम प्रतिनिधि गोगराम गुर्जर और संस्था प्रतिनिधि श्रीमती ज्योति ने बी पोसिटिव संस्थान के सभी सदस्यों का बच्चो का मनोबल बढ़ाने के लिए धन्यवाद दिया। शिक्षक रिछपाल जी ने मंच संचालन किया।





## *Zindagi Na Milegi Dobara*

Date 2 December 2019 Our Member Narendra ji Organised lunch for children's in an orphanage.

About 124 of them. Let us be humble. Zindagi na Milegi Dobara. Very Positive Decision.



## सिक्किम जिला कलक्टर ने किया छात्र-छात्राओं को मोटिवेट

दिनांक 7 अगस्त 2019, अपने एनजीओ बी पॉजिटिव द्वारा राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय रेनवाल में 'प्रेरणा कार्यक्रम' के तत्वाधान में मोटिवेशनल प्रोग्राम रखा गया। कार्यक्रम में एनजीओ सदस्य राजकुमार यादव ( आईएएस ) ने छात्राओं को प्रशासनिक सेवाओं में छात्राओं को अवसर एवं परीक्षा तैयारी हेतु अपने अनुभव सांझा किए।

ग्रामीण परिवेश की बालिकाओं के लिए परीक्षाओं में आने वाली चुनौतियों एवं सिविल सेवा के सामाजिक सरोकारों से अवगत करवायाद्य छात्राओं को विभिन्न प्रेरणादायक महिला व्यक्तित्वो की जीवनीयों के माध्यम से उन्हे प्रेरित कियाद्य राजकुमार जी ने अपनी तरफ से 2100 रुपए देकर सबसे ज्यादा दसवीं कक्षा में नम्बर लाने वाली छात्रा को सम्मानित किया ।

सैकड़ों की संख्या में उपस्थित छात्राओं का जोश-उमंग देखने लायक था छात्राओं को दिए गए टिप्स जिनमें नियमित अध्ययन, स्व अध्ययन, करंट अफेयर्स संबंधी अद्यतन सूचनाओं को किस प्रकार अपडेट करें आदि के बारे में विस्तार से चर्चा कीद्य छात्राओं ने विभिन्न प्रकार के प्रश्नों के माध्यम से अपनी जिज्ञासाए भी प्रकट की।

विद्यालय स्टाफ ने एनजीओ द्वारा किए जाने वाले विभिन्न कार्यों का प्रशंसा की एवं एनजीओ से जुड़ने की इच्छा प्रकट की। कार्यक्रम में NGO सदस्यों का माला साफा पहनाकर सम्मान सत्कार किया गया। एनजीओ वरिष्ठ सदस्य लक्ष्मी नारायण यादव ने भी अपने अनुभव सांझा किए।













## बी पोजिटिव एनजीओ ने जरूरतमंदों को दी आर्थिक सहायता



दिनांक 13 नवम्बर 2019, 1. खिरवा गाँव के रामस्वरूप वर्मा पुत्र श्री हनुमानजी वर्मा की कैन्सर से अकाल मृत्यु हो गयी। अब पीछे केवल उसकी पत्नी तथा दस साल का पुत्र रह गया है ।पुत्र सरकारी स्कूल में पढ़ता है ओर उनका मकान गिरवी रखा हुआ है ।



2. दूसरा केस लक्ष्मी पूरा गाँव का है इस गाँव के राकेश कुमावत पुत्र श्री नाथूराम कुमावत ( 31 ) की सड़क दुर्घटना में मृत्यु हाल ही में हो गयी ।इनके दो पुत्र तथा पत्नी है जो अब अकेले रहते है । हालाँकि सरपंच ने इनको नरेगा में लगा रखा है पर थोड़ी आर्थिक सहायता की जरूरत थी ताकि बच्चें आगे पढ़ सके । B+ NGO ने दोनो परिवारों को 11000/- रुपए बच्चों के लिए कपड़े तथा अन्य सामग्री के लिए प्रदान किए। इस मोके पर सरपंच लोहरवाड़ा तथा दूसरे सदस्य मोजूद थे ।

Be Positive-Do Positive
Lets unite to help

# बी पॉजिटिव एनजीओ हुआ एशिया एक्सीलेंस अवार्ड से सम्मानित

दिनांक 13 दिसम्बर 2019, हमारे लिए गर्व की बात है कि हमारे B+ NGO को अच्छा कार्य करने के लिए “ASIA EXCELLENCE AWARD” से दिल्ली में सम्मानित किया गया। यह अवार्ड समस्त भारत पत्रिका द्वारा आयोजित कार्यक्रम में भारत सरकार के आदरणीय राज्य मंत्री श्री अनुराग सिंह ठाकुर के शुभ हाथों से हमारे NGO के अध्यक्ष श्री रणजीत सिंह यादव तथा सचिव कन्हैया लाल यादव ने ग्रहण किया।



मोके पर सदस्य महेंद्र चौधरी, लक्ष्मी नारायण यादव, अजय यादव , राम कुवाँर यादव तथा राजकुमार यादव मोजूद रहे। ये NGO हम सभी सदस्यों ने मिलकर सन 2017 में चालू किया था और आज तक बहुत से लोगों को आर्थिक सहायता प्रदान कर चुके है ।NGO की तरफ से चलाया गया ‘‘प्रेरणा’’ कार्यक्रम बहुत चर्चित हुआ है जिसमें हमारे सदस्य IAS, RAS आदि के लिए सरकारी स्कूल के बच्चों को जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते है।



अब तक इस कार्यक्रम के माध्यम से हजारों बच्चों को हम प्रेरित कर चुके है। ओर इसी पहल के लिए आज हमें ये पुरश्कार मिला है। हम सभी सदस्य आज गर्वित महसूस कर रहे है तथा आने वाले समय में ओर भी सकारात्मक सोच के साथ अच्छा काम करने के लिए समकल्प लेते है।



हमारे बारे में www-bepositivengo-com के माध्यम से जान सकते है ।

Be Positive-Do Positive
Lets unite to help





# विद्यार्थियों को किया प्रेरित





दिनांक 17 दिसम्बर 2019, अपने NGO बी-पॉजिटिव के ‘प्रेरणा’ कार्यक्रम के तहत वेदांत गर्ल्स कॉलेज जालसू में मोटिवेशनल सेमिनार रखा गया। कार्यक्रम में NGO सदस्य राजकुमार आईएएस, ओमप्रकाश सैनी कृष्ण यादव RAS व मनमोहन यादव ने भाग लिया।

ग्रामीण परिवेश की छात्राओं को भविष्य में अपने कॅरियर सम्बंधित शंकाओ व चुनौतियों के बारे में चर्चा की ।

मुख्य वक्ता राजकुमार IAS ने अपने विद्यार्थीकाल से लेकर प्रतियोगी परीक्षाओं तक के अनुभव व संघर्ष को साझा किया। विद्यार्थियों को हार्ड स्टडी के साथ-साथ स्मार्ट स्टडी के तरीके भी बताये।

कृष्ण यादव RAS ने विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारित कर तैयारी करने की बात कही ARAS ओ पी सैनी ने छात्राओं को टाइम टेबल बनाकर समयबद्ध अध्ययन के लिए प्रेरित किया।

NGO सदस्य मन मनमोहन यादव ने B+NGO के कार्यों व उद्देश्यो से सभी को अवगत करवाया। छात्राओं कर जोश देखने लायक था।

# जरूरतमंद परिवारों को दी आर्थिक सहायता

दिनांक 18 दिसम्बर 2019, रमेश कुमार वर्मा निवासी पचकोडिया का बस दुर्घटना में मृत्यु एक महीने पहले हो गई थी ।रोज जयपुर मजदूरी करने जाता था इसके दो संतान है जिसमें एक बेटी अनुष्का उम्र पाँच साल और बेटा अरूण आठ साल का है। सरपंच ने मुख्यमंत्री सहायता कोष से जो सहायता मिलती है वो करवा दिया है लेकिन अभी तक मंजूर नहीं हुई है और विधवा पेंशन योजना का कार्य शुरू करवा रखा है वो भी जल्द शुरू हो जायेगी और अब पालनहार योजना का भी लाभ दिलवाने की कोशिश कर रहे है और सांभर उपखण्ड अधिकारी जी से उनको खाद्यय सुरक्षा योजना में जुडवाया गया है। लेकिन उनका निवेदन है की एकदम से रमेश कुमार का निधन होने से परिवार बिखर सा गया है



ओर जिन लोगों से उधार लिया था उनकी तरफ से भी बहुत दबाव था दोनों बच्चों को पढ़ने लिखने के लिए भी दिक्कत हो रही थी ऐसे में B+ NGO की तरफ से इस निवेदन के तहत 10000/- रुपए की आर्थिक सहायता उनकी पत्नी आचुकि देवी को प्रदान की गयी ।इस मोके पर वार्ड पाँच मदन जी कसवा पचकोड़िया , महादेव जी सरपंच लोहरवाड़ा, राजकुमार यादव , सिताराम जी धगड़ा, महावीर शर्मा, सूजा रामजी, लक्ष्मण जी खोला , राजेंद्र जी, कैलाशजी , महेशजी योगी आदि मोजूद थे ।वार्ड पंच ने ये राशि बच्चों कि पढ़ाई के लिए प्रयोग करने का आश्वासन दिया तथा B+ NGO की टीम को तहें दिल से धन्यवाद दिया।



# बी पोजिटिव एनजीओं द्वारा कम्बल वितरित

दिनांक 19 दिसम्बर 2019, सर्दी की रातों को देखते हुए B+ NGO की टीम ने ने कल रात 100 कम्बल फुटपाथ पर रहने वाले लोगों को वितरित किए।टीम के सदस्यों रामकिशोर यादव, ओमप्रकाश जांगिड, अनिल यादव आदि के कर कमलों से ये कार्य सम्पन्न हुआ



# सिक्किम में कलेक्टर ने डिस्पेंसरी भवन की मरम्मत के लिए दी नकद राशि

दिनांक 19 दिसम्बर 2019, B+ टीम का नांगल कोजु पंचायत में स्वागत किया गया तथा सभी ने हमारी टीम की सकारात्मक सोच ओर कार्यों को सराहना की ।चर्चा के दौरान पता चला की उप स्वास्थ्य केंद्र की हालत बहुत खराब है तभी हमारे NGO के सदस्य राजकुमार यादव ने पाँच हजार तथा मोहनजी यादव ने हजार रुपए कैश प्रदान किए ताकि इस केंद्र को कलर करके जीवंत किया जा सके ।इस सकारात्मक पहल के कारण सभी लोगों ने सहोटोग किया ओर देखते ही देखते सरपंच के पास ग्यारह हजार रुपए इकट्ठे हो गए ।सरपंच ने ये काम 31 दिसम्बर से पहले पूरा करने का आश्वासन दिया तथा इस अनूठी पहल के लिए NGO की टीम को धन्यवाद दिया!





# जिलाधीश ने विद्यार्थियों को सफलता के टिप्स बताए

दिनांक 19 दिसम्बर 2019, NGO की टीम के द्वारा पावटा सरकारी विध्यालय में प्रेरणा कार्यक्रिम आयोजित किया गया ।मुख्य वक्ता राजकुमार यादव ने अपने जीवन के बारे में बताते हुए IAS की तैयारी के लिए विस्तार पूर्वक बताया। साथ में कृष्ण यादव RAS लाल चंद यादव, असिस्टेंट प्रोफेसर ने भी अपने जीवन कहानी को बताते हुए बच्चों को प्रेरणा दी ।कार्यक्रिम में लक्ष्मीनारायण एवं मोहनजी यादव तथा महेंद्र यादव ने शिरकत की।







# बी पोजिटिव न्यूज कवरेज



बी पॉजिटिव एनजीओ हुआ एशिया एक्सीलेंस अवार्ड से सम्मानित

पीड़ित को दी 40 हजार की आर्थिक सहायता

रक्तदान शिविर

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

कालवाड़ @ पत्रिका. गोविन्दपुरा में कालवाड़ रोड स्थित गोविन्दम परिसर में 29 दिसम्बर को एशिया एक्सीलेंस अवार्ड से सम्मानित बी पॉजिटिव संस्थान द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित होगा। कालवाड़ रोड जन जागरूकता महामंच के अध्यक्ष कन्हैयालाल यादव की उपस्थिति में रविवार को रक्तदान शिविर की तैयारियों को लेकर चर्चा हुई। (निसं.)

आग में जल गया था सबकुछ, 'बी पोजिटिव' ने ली सुध

अग्निकांड के पीड़ित परिवार को प्रदान किया सहायता राशि का चैक, सबने की सराहना

कालवाड़ टाइम्स @ कालवाड़ (कास.)। कुछ दिनों पूर्व ग्राम सरना चौड़ में चिरंजीलाल शर्मा के घर भीषण आग लग गई थी। इस भयावह अग्निकांड में पीड़ित का सबकुछ खाक हो गया था। दुर्घटना में चिरंजीलाल के घर का पूरा सामान जल गया था। यहां तक की पहनने के कपड़े, बर्तन और पैसे भी सामान जलकर राख हो गया। इसके बाद बी पॉजिटिव एनजीओ ने पहल करते हुए पीड़ित परिवार को सहायता मुहैया करवाना तय किया। इसी क्रम में रविवार को संस्था के सदस्य संजय कस्वा ने पीड़ित परिवार को 20,000 रुपए का चैक सहायता राशि के रूप में प्रदान किया। इस मौके पर स्थानीय ग्रामीण और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। सभी ने संस्था के इस पुनीत कार्य के लिए आभार व्यक्त किया।

कलक्टर ने किया मोटिवेट

सिक्किम कलेक्टर ने बिचून में विद्यार्थियों को किया प्रेरित, मेधावी छात्रा का सम्मान

लक्ष्य के साथ छात्र आगे बढ़ें, अपने आप मिलेगी सफलता

बाधावास : संस्कृत स्कूल में बांटी ड्रेस

बरसात के कारण उदयपुरिया में गिरा मकान

सिक्किम के आईएएस राजकुमार गांव को नहीं भूले, दोस्तों का ग्रुप बनाया, लोगों की कर रहे आर्थिक मदद

# B+NGO के बेनर तले एक अनूठी पहल ''प्रेरणा कार्यक्रम''



दिनांक 26 नवम्बर 2019, बी पॉजिटिव **NGO** द्वारा ''प्रेरणा'' कार्यक्रम ग्रामीण परिवेश के छात्र छात्राओं को भविष्य में सिविल सर्विसेज के लिए कैरियर संबंधी मार्गदर्शन देने के लिए एक पहल के रूप में शुरू किया गया है। विद्यार्थियों को अपने प्रारंभिक स्कूल जीवन में ही सिविल सर्विसेज एवं अन्य सेवाओं की तैयारी के लिए प्रेरित करना इसका उद्देश्य है ।

इस कार्यक्रम में **NGO** सदस्य ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में जाकर छात्र-छात्राओं को अपने सफलता के लिए किए गए प्रयासों एवं अनुभवों को सांझा करते हैं। यह देखने में आया है कि ग्रामीण परिवेश के विद्यार्थियों में सिविल सर्विसेज एवं अन्य सेवाओं की तैयारी के बारे में कई भ्रांतियां रहती है एवं एक कठिन चुनौती के रूप में मानते हैं इन सभी कठिनाइयों एवं चुनौतियों से किस प्रकार अपनी प्रारंभिक विद्यार्थी जीवन में ही सामना किया जाए इस लक्ष्य के साथ प्रेरणा टीम काम करती है ।इसके अंतर्गत एनजीओ के अपने क्षेत्र में सफल एवं अनुभवी सदस्यों द्वारा एक मोटिवेशनल सत्र का आयोजन हर सरकारी विध्यालयो में किया जाता है ।अब तक लगभग दस हजार से ऊपर विध्यार्थियो को इससे फायदा मिला है ।

मोटिवेशनल सत्र में निम्न बिन्दुओ पर चर्चा की जाती है -

1. बच्चों को प्रेरित करने के लिए अपने सफलता की कहानी को साझा करना ।
2. बच्चों के नेगेटिवीटी को पोजिटिविटी में बदलना।
3. दसवी कक्षा के बाद ही बच्चों को अपने जीवन के लक्ष्य को सेट करने के लिए प्रेरित करना।
4. स्मार्ट स्टडी की तरफ ध्यान दिलाना ।
5. पढ़ने के सही माध्यम बताना ।
6. कॉलेज के समय सही दिशा में तैयारी करते हुए आगे बढ़ना ।
7. सही संगति के साथ टाइम टेबल बनाकर पढ़ाई करना ।
8. असफलताओं को मुँह तोड़ जवाब देकर कैसे आगे बढ़े , जैसे अनुभव साझा करना ।
9. 12 वी कक्षा के बाद सफलता पाने के लिए क्या करे, का उत्तर बच्चों को प्रदान करना ।
10. कैसे हम अपने दिमाग को सकारात्मक दिशा में मोड़ सकते है तथा जीवन में मनोबल प्राप्त कर सकते है आदि बातो पर चर्चा करना ।

एनजीओ इस कार्यक्रम के तहत प्रतिभावान तथा जरूरतमंद विद्यार्थियों को आर्थिक सहायता भी देता है।

Be Positive-Do Positive
Lets unite to help

## ब्लड डोनेशन कैम्प (रक्तदान शिविर) का आयोजन



दिनांक 29 दिसम्बर 2019, आज **B+NGO** के तत्वधान में ब्लड डोनेशन कैम्प ( रक्तदान शिविर ) का आयोजन किया गया । सभी सदस्यों के सहयोग से हमने 370 यूनिट ब्लड एकत्रित किया । बहुत से लोग ज़्यादा भीड़ के कारण ब्लड नहीं दे पाए , उनके लिए हमें खेद है । सभी लोगों का आभार जिंहोने सकारात्मक सोच दिखाते हुए इस कार्यक्रम में भागीदारी की ।

विशेष धन्यवाद जिनके सोजन्य से कार्यक्रम पूरा हुआ जिनमे बालाजी हॉस्पिटल जयपुर, ABS हॉस्पिटल दुदू , गोविंदम रेस्टौरेंट , हाथोज, श्री श्याम टेंट हाउस , जयपुर, एलवुड इंटर्नैशनल स्कूल, कनकपुरा तथा आर. के टेक्स्टाइल्स, गोविंद पूरा शामिल है । कार्यक्रम में आदरणीय मंत्री जी श्री लालचंद कटारिया जी ने अपनी शिरकत की । सभी रक्त दाताओं को हेलमेट, सर्टिफिकेट तथा स्मारिका पुस्तक प्रदान की गयी ।

## ब्लड डोनेशन कैम्प (रक्तदान शिविर) का आयोजन

हमारे सदस्य श्री राम कुमार जी अख़बार की न्यूज़ के हिसाब से परिवार से मिले तथा निम्न जानकारी प्राप्त की -

नाम हर्षिता वर्मा पिता का नाम सुरेश कुमार वर्मा ग्राम जोधपुरा, किशनगढ़ रेनवाल, कक्षा 11 संकाय कला स्कूल, विकास पब्लिक स्कूल किशनगढ़ रेनवाल में अध्ययनरत है ।



ये जानकारी प्राप्त होने के बाद हमने हमारे सदस्य डॉक्टर सुशील यादव , बालाजी हॉस्पिटल से सम्पर्क किया । डॉक्टर साहब ने केस की आवश्यकता के हिसाब से फ्री में ब्लड चढाने की व्यवस्था अपने हॉस्पिटल में कर दी है तथा साथ ही एक यूनिट खर्चे को कम करके 900/- यूनिट ब्लड बैंक से करवा दिया है । हमारे NGO से निवेदन किया गया है कि अगर हम 6 महीने के चार्ज का भुगतान कर सके तो उस गरीब परिवार की सहायता हो सकती है । इसके लिए पराम्भिक तौर पर हमने NGO की तरफ से 10000/- रुपये पास किए जो सीधे ब्लड बैंक को चार्ज के रूप में प्रदान कर दिए गये है । इसके कारण आज से उस बच्ची का इलाज शुरू हो गया है । बाद में भामाशाह कार्ड की वार्षिक राशि का नवीनीकरण होने पर समस्या अपने आप सुलझ जाएगी ।










## हर जगह फरियाद, मगर कही से नहीं मिल रही थी आर्थिक मदद B+NGO ने की मदद



दिनांक 31 दिसम्बर 2019, हमारे सदस्य श्री राम कुमार जी अख़बार की न्यूज़ के हिसाब से परिवार से मिले तथा निम्न जानकारी प्राप्त की -

नाम हर्षिता वर्मा पिता का नाम सुरेश कुमार वर्मा ग्राम जोधपुरा, किशनगढ़ रेनवाल, कक्षा 11 संकाय कला स्कूल , विकास पब्लिक स्कूल किशनगढ़ रेनवाल में अध्ययनरत है ।

ये जानकारी प्राप्त होने के बाद हमने हमारे सदस्य डॉक्टर सुशील यादव , बालाजी हॉस्पिटल से सम्पर्क किया । डॉक्टर साहब ने केस की आवश्यकता के हिसाब से फ्री में ब्लड चढाने की व्यवस्था अपने हॉस्पिटल में कर दी है तथा साथ ही एक यूनिट खर्चे को कम करके 900/- यूनिट ब्लड बैंक से करवा दिया है । हमारे NGO से निवेदन किया गया है कि अगर हम 6 महीने के चार्ज का भुगतान कर सके तो उस गरीब परिवार की सहायता हो सकती है । इसके लिए पराम्भिक तौर पर हमने NGO की तरफ़ से 10000/- रुपए पास किए जो सीधे ब्लड बैंक को चार्ज के रूप में प्रदान कर दिए गये है । इसके कारण आज से उस बच्ची का इलाज शुरू हो गया है । बाद में भामाशाह कार्ड की वार्षिक राशि का नवीनीकरण होने पर समस्या अपने आप सुलझ जाएगी ।

## लोहरवाड़ा ग्राम के सरकारी विद्यालय में 50 हमार रूपये फर्निचर के लिये किये भेंट



दिनांक 26 जनवरी 2020, आज B+NGO ने लोहरवाड़ा सीनियर सेकेंडरी स्कूल को पचास हज़ार रुपए फ़र्निचर के लिए प्रदान कोये गए ताकि स्कूल में बच्चों को कोई भी दिक़्क़त ना हो । इस मोके पर सरपंच लोहरवाड़ा , NGO सदस्य राजेश यादव , रामकिशोर यादव तथा अन्य अतिथि गन मोजूद थे । प्रधानाध्यापक लोहरवाड़ा स्कूल ने B+NGO को तहें दिल से धन्यवाद दिया ।

Be Positive-Do Positive
Lets unite to help

# बी पोजीटीव संस्थान ने दी दो जगह आर्थिक सहायता



दिनांक 26 जनवरी 2020, हमारे सदस्य श्री प्रहलाद जी ने बताया की मनोज यादव/ श्रवणलाल यादव ग्राम -खनीपूरा नीट की तैयारी गुरु करपा इंस्टिटयूट, सीकर में कर रहा है । पिताजी खेती करते है लेकिन मनोज की पढ़ाई में लग्न इतनी है की उसने गुरुक्रपा संस्थान के सभी आठ हज़ार बच्चों को टेस्ट में पीछे छोड़ते हुए फर्स्ट रैंक हासिल की ओर इसी कारण कॉलेज की पूरी फीस कॉलेज वालों ने माफ़ कर रखी है। लेकिन हर महीने पाँच हजार रुपए हॉस्टल की फ़ीस लग रही है जो की उसके पिताजी इधर उधर से करके दे रहे है ।बच्चे के पिताजी की आर्थिक स्तिथि ज्यादा ही खराब होने के कारण इसलिए हमारे NGO की तरफ से हॉस्टल के खर्चे वास्ते 20000/- रुपए सहयोग राशि प्रदान की गयी इससे परिवार को बच्चे को आगे पढाने के लिए हौसला मिलेगा ।इस मोके पर सचिव कन्हैया लाल जी तथा सदस्य प्रहलाद जी मोजूद थे ।

# कलेक्टर ने बताए सफलता के गुर

दिनांक 8 फरवरी 2020, आज अपने बी-पॉजिटिव एनजीओ के ''प्रेरणा''कार्यक्रम के तहत सदस्यों ने गवर्नमेंट सी सै स्कूल तिगरिया में एनजीओ सदस्य द्वारा 'मोटिवेशनल सेमिनार' रखा गया।

मुख्य वक्त राजकुमार ( आईएएस ) ने छात्र छात्राओं को सिविल सर्विसेज में केरियर संबंधित शंकाओं एवं चुनौतियों के बारे में बच्चों से रूबरू हुए विद्यार्थियों को उन्हें एक लक्ष्य बनाकर नियमित रूप से टाइम टेबल के साथ स्मार्ट स्टडी पर जोर दिया।

शैतान सिंह यादव ( तहसीलदार ) कमजोर विद्यार्थियों से आत्मविश्वास के साथ तैयारी करने के लिए कहा एवं विद्यार्थी जीवन में कभी हताश नहीं होना चाहिए।

लालचंद ( एसोसिएट प्रोफेसर ) ने विद्यार्थियों को कॉलेज शिक्षा के बारे में बताया। मनमोहन यादव एवं मुकेश कुमावत ने भी अपने विचार व्यक्त किये।









# अपने सदस्य स्व. श्री जगदीश चौधरी की स्मृति में
## B+NGO सकारात्मक सोच सम्मान पत्र



दिनांक 5 मार्च 2020, B+NGO टीम ने आज दिनांक 5 मार्च 2020 को अपने सदस्य स्वर्गीय श्री जगदीश चौधरी की स्मृति में 'B+NGO सकारात्मक सोच सम्मान पत्र' नाम से पुरस्कार घोषित किया है ।यह पुरस्कार B+NGO के सदस्यों तथा बाहर के उन व्यक्तियों को दिया जाएगा जिन्होंने सामाजिक, शिक्षा, स्वास्थ्य आदि विभिन्न क्षेत्रो में समाज के लिए अभूतपूर्व काम किया हो ।यह पुरस्कार हर साल B+NGOके वार्षिक समारोह में दिया जाएगा । प्रथम पुरस्कार 2020 में आने वाले वार्षिक सम्मेलन में दिया जाएगा ओर इसके लिए नॉमिनेशन विभिन्न सदस्यों के द्वारा एक महीने पहले लिए जाएँगे ।अंतिम निर्णय सभी NGO के सदस्यों द्वारा वोटिंग के माध्यम से लिया जाएगा ।निम्न नियम इसके लिए महत्वपूर्ण है -

1. पुरस्कार में सम्मान प्त्र, मोमेंटो ओर साफा भेंट किया जाएगा ओर पत्र में 'स्वर्गीय जगदीश चौधरी की समर्ति में 'लिखा होगा ।

2. पुरस्कार का चयन वोटिंग के माध्यम से सभी NGO के सदस्यों द्वारा किया जाएगा। ओर इस संबंध में उनका निर्णय अंतिम होगा ।

3. पुरस्कार के लिए नॉमिनेशन करने के समय उस व्यक्ति द्वारा किए गये सामाजिक कार्यो के बारे में साक्ष्य प्रस्तुत करने की जिम्मेदारी नॉमिनेट करने वाले व्यक्ति की होगी ।

4. पुरस्कार के लिए नॉमिनेशन किसी भी व्यक्ति का किया जा सकता है चाहे वो NGO का सदस्य हो या ना हो ।

5. पुरस्कार का मूल उधेस्य समाज के लिए कार्य करने वाले व्यक्तियों को सम्मानित करना ओर दूसरे लोगों को ऐसे काम के लिए प्रेरित है ।

# दुर्घटना में पैर खोने वाली छात्रा को सहायता



दिनांक 6 मार्च 2020, सुशीला कुमारी पुत्री सुजाराम कुमावत निवासी ढाणी नागान ( जोबनेर ) की है पी.जी. महाविद्यालय जोबनेर में B.S.C. द्वितीय वर्ष की छात्रा है पिताजी जयपुर मजदूरी का काम करते है, माताजी गृहणी है , दो बहन दो भाई है वो भी पढ़ रहे हैं 3 फरवरी को सुशीला और उसकी बहन स्कूटी से जा रहे थे कि अचानक किसी अघात वाहन ने पीछे से टक्कर मार दी। जिससे उसका एक पैर पूरा कट गया और जिदंगी खराब हो गई। परिवार गरीब है और वो आगे पढ़ना चाहती है, इसलिए दो तीन संघठन मिलकर कुछ कुछ सहायता कर रहे है, इसलिए बी पोजिटीव संस्थान से भी निवेदन किया गया है कि बच्ची की पढ़ाई के लिए और दवाइयों के लिए जो भी हमारी तरफ से सहायता हो वो किया जाए । मुख्यमंत्री सहायता कोष से राशि स्वीकृत करवाने का कार्य भी हो रहा है और विकलांग प्रणाम पत्र बनवाने का काम भी युवा शक्ति टीम संस्थान , पचकोड़िया कर रही है ।

हमारे NGO ने दस हज़ार रुपए की सहायता आज सुशीला को श्रीमती सुमन चौधरी, तहसीलदार रेनवाल के हाथों से हॉस्पिटल में जाकर प्रदान की । इस मोके पर पंचायत, सीता रामजी धगडा तथा NGO सदस्य लक्ष्मीनारायण यादव एवं लक्षण जी धगड़ा अन्य साथियों के साथ मोजूद थे ।

## बी पोजिटिव संस्थान ने बच्चों को किये बैग भेंट



दिनांक 11 मार्च 2020, बी पोजिटिव संस्थान ने राजकीय बालिका उच्च प्राथमिक विद्यालय भैंसावा करणसर में प्रधनाध्यपीका आरती यादव की अध्यक्षता में स्कूल के सभी बच्चों को नए बैग भेंट किये। ज्ञात हो कि बी पोजिटिव संस्थान सिक्किम जिला कलेक्टर राजकुमार यादव के नेतृत्व में जरूरतमंद लोगों की सहायता के लिए सदैव तत्पर रहता है। मौके पर बी पोजिटिव संस्थान के प्रचार सचिव डॉ. अमित यादव, सदस्य रमेश यादव, रामस्वरूप यादव मौजूद थे। विद्यालय परिवार ने बच्चों का उत्साह बढ़ाने के लिए संस्थान का धन्यवाद दिया।

## ABS हॉस्पिल व बी पॉजिटिव एनजीओ ने की सहायता



दिनांक 12 मार्च 2020, बी पॉजिटिव एनजीओ व ABS हॉस्पिटल द्वारा दूदू निवासी राकेश सैनी का एक्सीडेंट में पैर टूटने का 70000-80000 हजार का खर्चा वहन किया गया। राकेश सैनी एक गरीब परिवार से है जिसके दो बच्चे हैं उनका लालन पोषण की जिम्मेदारी राकेश सैनी की ही है राकेश सैनी के पास ऑपरेशन के पैसे नहीं थे उसकी इस स्थिति में बी पॉजिटिव एनजीओ व ABS हॉस्पिटल आगे आकर सहायता की और उसका पूरा ऑपरेशन का खर्चा वहन किया, आज राकेश सैनी पूरी तरह स्वस्थ है और अपने परिवार का लालन पोषण कर रहा है।

## पिता का उठा साया Be Positive संस्थान सहायता के लिए आया आगे

दिनांक 21 जून 2020, अभी कुछ दिन पहले लोरहवाड़ा ग्रामवासी किशन सिंह जी का दुर्घटना में आकस्मिक मौत हो गई थी, परिवार में एक दिव्यांग बच्चे की पढ़ाई के लिए B Positive संस्थान ने 20000 रू की आर्थिक सहायता लोरहवाड़ा सरपंच के हाथों प्रदान की गई ताकि उस बच्चे को आगे भविष्य में किसी की कठिनाई का सामना ना करना ना पड़े। इस मौके पर ओम प्रकाश जांगिड़, शक्ति सिंह, मोहन सिह जी ठाकुर ओर B Positive संस्थान के सदस्य रामकिशोर यादव उपस्थित थे।







## Be Positive संस्थान ने बनाया गरीब का आशियाना



दिनांक 22 जून 2020, पिछले सप्ताह आये अंधड़-बौछार में करणसर निवासी लक्ष्मण मांडिया के घर में छपर व टीन तेज अंधड़ से उड़ गए। इस प्राकृतिक आपदा में सहायता के लिए B+NGO आगे आया। NGO से जुड़े राजकुमार यादव ( IAS ) ने बताया की स्थानीय लोगों द्वारा आपदा की सूचना देने पर NGO के सदस्य शिवराम यादव ने मौका-हाल देखकर जाना कि पीड़ित व्यक्तिएक प्लास्टिक-तम्बू में रात बीता रहा है और उसे तुरंत राहत की आवश्यकता है।

सोमवार को NGO के वरिष्ठ सदस्य गोपालजी गीला, NGO सचिव कानजी यादव, शिवरामजी यादव ( सीनियर बैंक मैनेजर ), लालारामजी चितोसिया आदि की उपस्थिति में पीड़ित परिवार को टीन-शेड निर्माण के लिए 50000/- राशि का चैक प्रदान किया गया। गौरतलब है कि पिछले 3 वर्षों से B+NGO प्राकृतिक आपदा, आगजनी, आकस्मिक दुर्घटना से पीड़ित व्यक्तियों, रक्तदान, स्वास्थ्य शिविरों व कैरियर कॉउंसलिंग के कल्याणकारी कार्यों में सक्रिय है।

## B+ NGO ने विधवा को दिया सहारा



दिनांक 6 अगस्त 2022, पिछले दिनों छोटी-डूंगरी निवासी विधवा महिला भंवरी देवी जाट की दो भैसों की जहरीली घास खाने से अकाल मौत हो गई। राखी के त्योहार पर पीड़ित महिला पर यह विपदा से कम नहीं रहा।

विधवा महिला की सहायता के लिए बी-पॉजिटिव NGO आगे आया।

पीड़ित महिला को NGO द्वारा 21000/- का चैक प्रदान किया गया। NGO सदस्य डॉ. किशन सहाय, श्रीराम यादव, अनिल बिजारणिया, किशोर यादव आदि उपस्थित रहे।

गौरतलब है की बी-पॉजिटिव NGO संस्थान क्षेत्र में सामाजिक सरोकारों में अग्रणी रहा है। NGO द्वारा आपदा पीड़ितों को आर्थिक सहयोग, रक्तदान शिविर का आयोजन व प्रतिभावान विद्यार्थियों को NGO के प्रशासनिक IAS, RAS व अधिकारियों द्वारा न केवल आर्थिक संबल बल्कि 'प्रेरणा' कार्यक्रम के माध्यम से मोटिवेशनल सेमिनार का आयोजन कर कैरियर सम्बन्धी मार्गदर्शन किया जाता रहा है।

B+
Be Positive-Do Positive
Lets unite to help

# कैंसर पीड़ित को दी सहायता B+ NGO ने



दिनांक 6 अगस्त 2020, B+ NGO ने सामाजिक सरोकारों की एक और कड़ी में आज मानवीय संवेदना का परिचय देते हुए रेनवाल कस्बा निवासी ताराचंद वर्मा जो कि विगत 6 महीने से कैंसर से जूझ रहा है को 21000/- कि सहायता राशि प्रदान की। B+ NGO टीम के सदस्य गोपाल जी गीला, कन्हैयालाल जी यादव , संतोषजी यादव, सीताराम जी, हीरालाल जी परसवाल ने स्वयं घर जाकर पीड़ित की कुशलक्षेप जानी व चैक प्रदान किया।

ज्ञातव्य है की B+NGO ने हाल ही में कोरोना महामारी में भी 50000/- की मदद मुख्यमंत्री सहायता कोष में की है NGO पिछले 3 साल से पीड़ितों की मदद व शैक्षिक उन्नयन के कार्यों में सक्रिय रहा है।

# आगजनी से फसल नष्ट होने पर बी-पॉजिटिव संस्थान ने दी सहायता

दिनांक 24 अक्टूबर 2020, विगत दिनों अरनिया निवासी किसान मुरलीधर जी के खेत में आगजनी से पूरी फसल जल गई। B+ NGO द्वारा स्वयं पहल करते हुए पीड़ित किसान को 11000/- का चैक प्रदान किया। आज पीड़ित व्यक्ति के घर पहुंचकर NGO सदस्य संतोष जी यादव, सुरेश जी, जयराम जी ने चैक प्रदान किया। पीड़ित परिवार ने बी-पॉजिटिव NGO का हार्दिक आभार जताया।



बी पॉजिटिव NGO प्राकृतिक आपदा, दुर्घटना व विद्यार्थियों के कॅरियर सम्बन्धी मदद के क्षेत्र में पिछले 3 वर्ष से कार्य कर रहा है। हाल ही में B+ NGO को जनकल्याण सेवाओं के लिए राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कृत भी किया जा चूका है।

# विधवा का सहारा बना बी पॉजिटिव संस्थान

दिनांक 4 नवम्बर 2020, पिछले सप्ताह बेनीयों के बास निवासी विधवा महिला प्रेम कंवर के घर गैस सिलेंडर से आगजनी में घरेलु सामान, कपडे, बिस्तर जल गए व स्वयं वृद्धा घायल हो गई। घटना के स्थानीय अखबार द्वारा सूचित होने पर NGO द्वारा राजकुमार यादव ( IAS ) की पहल से 11000/-की मदद विधवा महिला को की गई।



आज NGO सदस्य लक्ष्मी नारायण, हिंगोनिया सरपंच छीतरमल कुमावत,एसआई चिल्ड्रन एकेडमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल निदेशक शंकर लाल कुमावत समाजसेवी भवानीसिंह नाथावत, कमलेंद्र सिंह नाथावत, बिशन सिंह नाथावत आदि की उपस्थिति में पीड़िता को 11000/- का चैक प्रदान किया। गौरतलब है की B+NGO मानव सेवार्थ आकस्मिक दुर्घटनाओं में राहत प्रदान करने में हमेशा तत्पर रहता है व क्षेत्र में विद्यार्थियों के हितार्थ पिछले 3 वर्ष से कम कर रहा है।





# विधवा महिलाओं की सहायता

दिनांक 6 नवम्बर 2020, पिछले दिनों ग्राम नाथी का बास निवासी दो भाइयों की 3 साल पहले आकस्मिक मृत्यु का दंश झेल चुकी दो विधवा पत्नियॉ मवेशी पालन से अपने छोटे-छोटे बच्चों का लालन-पालन कर रही है। नवरात्र में विधवा बहिन निशा देवी की एकमात्र भैंस को जहरीले जानवर के काट लेने से मौत हो गई।



NGO सदस्य सुरेश जी ( साइंटिस्ट ) की पहल से B+ NGO ने 22000/- की पीड़ित विधवा महिला को आर्थिक मदद की गई जिसमें सुरेश जी द्वारा व्यक्तिगत 11000/- की मदद भी शामिल है। आपकी पहल से पीड़िता को NGO द्वारा मदद करके हम सब अभिभूत है। आज भुरा जी, मांगु जी, सुरेश जी, मुकेश जी आदि गणमान्य लोगों की उपस्थिति में 22000/- का चैक पीड़ित महिला को सौंपा गया। सभी सदस्यों को धन्यवाद।

# अग्निपीड़ित को दी सहायता

दिनांक 7 नवम्बर 2020, सीगोद ग्राम मे आगजनी पीडित बटाईदारी पर कृषि मजदूरी करने वाले पप्पूराम कुमावत को बी पॉजिटिव संस्था ने सहायता राशि का चेक सौपा । पिछले दिनो पप्पूराम के कच्चे घर मे आग लगने से चारपाई, कुर्सी, बिस्तर, अनाज सहीत तीन बकरिया जलकर मर गयी थी।

बी पॉजिटिव संस्था ने पीड़ित परिवार के घर जाकर 11 हजार रु का चेक प्रदान किया। संस्था के सदस्य महावीर सिंह चौपड़ा ने बताया कि NGO की तरफ से गरीब, असहाय लोगों की विपति के समय सहायता के अलावा प्रेरणा कार्यक्रम के तहत प्रतिभावान छात्रो को आईएएस राजकुमार यादव व साथियों द्वारा कैरियर परामर्श भी दिया जाता है।

इस मौके पर कालूराम चौपड़ा, जाट समाज चौमू- आमेर अध्यक्ष पवन चौपड़ा तथा सीगोद खुर्द संरपच प्रतिनिधि व पूर्व सरपंच त्रिलोक लोछिब ने भी नकद सहायता प्रदान की। इस अवसर पर सीगोद कला संरपच कुसुमलता सुरेश सैनी, रामावतार, बाबुलाल भी उपस्थित थे।



## विधवा महिला की मदद के लिए आगे आया B+ NGO



दिनांक 11 दिसम्बर 2020, पिछले दिनों प्रतापपुरा ( ग्राम पंचायत मुंडोती, तहसील किशनगढ़ रेनवाल, ज यपुर ) गांव के श्रवण लाल कि 1 नवंबर को सड़क दुर्घटना मे मृत्यु हो गयी थी । स्वर्गीय श्रवण लाल परिवार मे अकेला कमाने वाला था। उसके तीन बच्चे है जिनकी उम्र 5 साल, तीन साल और 4 माह है,स्वर्गीय श्रवण लाल के माता पिता की पहले ही मृत्यु हो चुकी थी। जिसके बाद स्वर्गीय श्रवण लाल की पत्नी पर 3 बच्चों के लालन पालन की जिम्मेदारी आ गयी है, जो कि पारिवारिक परिस्थिति ठीक नहीं होने से काफी समस्याओ का सामना करना पड़ रहा है।

सूचना मिलने पर बी-पॉजिटिव NGO आगे आया व पीड़िता को 21000/- कि आर्थिक मदद दी। आज पीड़िता के निवास पर बी-पॉजिटिव टीम ने पहुंचकर पीड़िता को चैक सौंपा। इस मौके पर NGO सचिव कन्हैया जी, कोषाध्यक्ष मोहन जी, सदस्य रमेश जी आदि गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## कोरोना वॉरियर्स ने निभाई जिम्मेदारी

दिनांक 29 दिसम्बर 2020, ऑपरेशन थिएटर के बेड से लेकर ठंडी फुटपाथ तक कोरोना वारियर्स अपना दोहरा दायित्व निभा कर समाज के सामने अनुपम उदाहरण पेश कर रहे है, देर कडकड़ाती सर्द रात में NGO सदस्य डॉ. अमित यादव अपने स्टाफ डॉक्टर्स साथियों के साथ B+NGO बैनर तले गरीब-बेसहारा लोगों को SMS हॉस्पिटल, MI रोड, रेल्वे स्टेशन आदि स्थानों पर ठण्ड से ठिठुरते लोगों को गर्म कम्बल बांटकर मानवता कि गर्माहट का परिचय दिया। इस नेक-दिल काज व मार्मिक पहल के लिए डॉ. हरिनारायण यादव, डॉ. दीपक, डॉ. उर्सला, डॉ. किरण को भी बहुत-बहुत साधुवाद।



B+NGO परिवार आपके सर्वेदनशील ह्रदय व सकारात्मक सोच व जज्बे को सलाम करता है। ईश्वर आप सब में इसी प्रकार कि दरिद्र जन की सेवा भावना बनाये रखें।

## नर सेवा ही नारायण सेवा



दिनांक 2 जनवरी 2021, आज पचकोडिया में बी पोजिटिव संस्थान की तरफ से राजेश कुमार वर्मा पुत्र नानूराम वर्मा ग्राम पंचायत पचकोडिया 30 नवम्बर 2020 को शाम को रामजीपुरा कलां मोड़ में अघात वाहन की टक्कर से मौके पर ही मौत हो गयी थी मृतक के पत्नी निशा देवी और एक पुत्र मंयक उम्र 3 वर्ष, एक पुत्री दिव्याशी उम्र 5 वर्ष है मृतक मजदूरी करके अपने का पालन-पोषण करता था अब उसकी मौत के बाद परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर हो गयी है मृतक के बूढ़े माता पिता है और आज बी पोजिटिव संस्थान ने मृतक की पत्नी श्रीमति निशा देवी के नाम 21000 हजार रूपये का चेक आर्थिक सहायता के रूप में दिया है इस अवसर पर लोहरवाडा के पूर्व सरपंच गणेश राम यादव,सीताराम धगडा, राधेश्याम कुमावत ,लक्ष्मण खोला पूर्व वार्डपंच मदन लाल कस्वां , वार्डपंच विमल वर्मा बजरंग सैनी सहित परिवार के सदस्य मौजूद थे। सिक्किम कलेक्टर राजकुमार यादव ने बताया कि बी पोजिटिव संस्थान हर गरीब परिवार की आर्थिक रूप से मदद करता है तथा उसको आगे जीवन यापन करने में मदद करता है युवा शक्तिटीम पचकोडिया के द्वारा मृतक की पत्नी को मुख्यमंत्री सहायता कोष की राशि, विधवा पेंशन, पालनहार योजना का लाभ दिलवा रहे है इस पुण्य कार्य के लिए पूरी युवा शक्ति टीम पचकोडिया बी पोजिटिव संस्थान को तहदिल से साधुवाद देती है





## गरीब परिवार की सहायता



दिनांक 17 जनवरी 2021, B+NGO सदस्य श्री हंसराज मीना को जैसा कि सूचित हुआ कि पप्पू राम पुत्र मोहरपाल मीणा निवासी दुब्बी, तहसील राजगढ़ , जिला अलवर गरीब परिवार से था जो कैंसर की बिमारी से काफी दिनों बिमार चल रहे थे, जिनकी दिनांक 3/1/2021को मृत्यु हो गई। इस परिवार में कमाने वाला कोई नही था, विधवा पत्नी काफी कर्जा व मेहनत मजदूरी करके पप्पू राम की बिमारी में पैसे लगा देने कारण अब परिवार का पालन-पोषण करने में असमर्थ हो गई।

B+NGO ने पहल करके दु:खी विधवा महिला कों 21000/- की सहायता राशि प्रदान की। NGO सदस्य हंसराज जी, स्थानीय सरपंच व गणमान्य लोगों की उपस्थिति में सहायता राशि चैक सौंपा। गौरतलब है कि B+NGO गरीबों व जरूरतमंद लोगों को आकस्मिक दुर्घटना, आगजनी व गंभीर बीमारी आदि के सेवार्थ पुनीत कार्य करता रहा है।

## गरीब परिवार का बना सहारा बी पॉजिटिव संस्थान

दिनांक 4 फरवरी 2020, गत दिनों करणसर निवासी बनवारी मीणा के पुत्र नंदकिशोर मीणा ( उम्र 30 ) की सडक दुर्घटना में दर्दनाक मौत हो गई। NGO सदस्य प्रकाश जी जटवाल ने बताया कि पीड़ित व्यक्ति के अब वृद्ध पत्नी व तीन पुत्रिया का सहारा रहा है। उसके जीवनयापन के लिए सब्जी का ढेला लगाकर कर रहा है।



जैसे ही B+NGO को घटना का पता लगा तो पीड़ित परिवार कि सुध ली। B+NGO के सदस्यों ने पीड़ित परिवार के घर जाकर 21000/- का चैक स्थानीय सरपंच व ग्रामीणजनों की उपस्थिति में प्रदान कर किया। सभी ग्रामीणजनों ने B+NGO की पहल का स्वागत किया व NGO परिवार को साधुवाद दिया।

ज्ञातव्य हो की B+NGO विगत 3 वर्षों से मानव सेवा, सामाजिक उत्थान, रक्तदान शिविर एवं कैरियर गाइडेंस के द्वारा सामाजिक सरोकारों को पूरा कर रहा है।

## दाँतारामगढ़ ग्राम में दी आर्थिक सहायता



सीकर जिले के लामिया ग्राम निवासी विजेंद्र सिंह ( उम्र 20 ) पुत्र माल सिंह महाराष्ट्र के सतारा जिले में डैम में फिसल कर गिरने से अकाल मौत हो गई। विजेंद्र सिंह अपने पिता का इकलौता पुत्र था व उसकी विक्षिप्त बहिन का प्रवास मजदूरी करके इलाज करवाता था। पिता भूमिहीन मजदूर है। एक तरफ जवान बेटे का दर्द था तो साथ में दूसरी तरफ बेटे के शव लाने की जद्दोजहद में लगभग 1लाख रूपये ( 49000/- एम्बुलेंस, 20000/- रेस्क्यू टीम,12000 मछुआरों की फीस )पीड़ित गरीब पिता पर अतिरिक्तभार पड़ गया।

B+ NGO संस्थान ने पीड़ित परिवार के दर्द को समझते हुए 21000/- का चैक पीड़ित परिवार के घर जाकर सरपंच, NGO सदस्य डॉ श्याम केशवा, सुरेश यादव व ग्रामीणजनों की उपस्थिति में प्रदान किया। जनप्रतिनिधियों व आमजनों ने B+ एनजीओ के इस प्रकार की सेवा भावना की भूरी-भूरी प्रशंसा की। ज्ञातव्य हो कि एनजीओ परिवार इस तरह की दुर्घटना एवं आकस्मिक क्षति से दु:खी-पीड़ितों की मदद करता आया है ।

# सकारात्मक कार्यों की मुस्कान



दिनांक 7 फरवरी 2021, B+ NGO को सूचना मिली थी कि ''अपराजिता फाउंडेशन'' द्वारा संचालित ''आनंद कुंज वृद्धा आश्रम'' कालवाड़ में स्तिथ है जिसमें कुछ बुजुर्ग रहते है उसके लिए कुछ सहायता अगर हमारा NGO कर सके तो फ़ाउंडेशन की मदद हो पाएगी ।हमारे NGO की टीम के कुछ सदस्यों ने इसकी जाँच पड़ताल की ओर पाया की इस फाउंडेशन को कोई अनुदान सरकार से नहीं मिल रहा है ।ओर इस प्रक्रिया में ज्यादा खर्च होने के कारण उनकी कुछ सहायता होनी चाहिए ।फाउंडेशन ने हमें खर्चे से संबंदित निम्न जानकारी उपलब्ध करवायी ।

भोजन और नाश्ते की व्यवस्था-

1 दिन के दोनो समय केभोजन का खर्च - 1100/-

1 दिन के चाय व दूध का खर्च- 200/-

1 दिन के नाश्ते का ख़र्च - 300/-



जानकारी के बाद पता चला की वहाँ वर्तमान में 5 बुजुर्ग तथा 2 काम करने वाले व्यक्ति रह रहे है । NGO ने मानवता के तौर पर इस कार्य को सराहा तथा कुछ सहायता राशि को अनुमोदित किया । तारीख 6-02-21 को कोषाध्यक्ष मोहन लाल यादव , सचिव कन्हैया लाल यादव तथा विशिष्ट सदस्य डॉक्टर अनुष्का यादव , मॉडर्न डेंटल हॉस्पिटल वर्धाश्रम पहुँचे तथा निम्न सहायता प्रदान की -

1. वर्धाश्रम को कुल 8579/- रुपए का खाने का सामान B+ NGO की तरफ से प्रदान किया गया।
2. सचिव कन्हैया लाल यादव, रेमंड शोरूम की तरफ से सभी वर्धाश्रम के सदस्यों को एक एक ड्रेस भेंट की गयी ।
3. डॉक्टर अनुष्का यादव ने सभी सदस्यो का फ्री में डेंटल चेक अप किया तथा भविष्य में हमेशा दाँतो सम्बंधित कोई भी बीमारी होने पर फ्री में इलाज का आश्वाशन भी दिया ।

B+ NGO हमेशा से ही मानवता के कार्यो में अग्रणी रहा है तथा आगे भी रहेगा ।

# नर सेवा ही नारायण सेवा



दिनांक 24 मार्च 2021, महेन्द्र यादव/ स्व. सुवालाल जी यादव , निवासी नाँगल कोजू , तह. चौमू , जयपुर जो अभी 'लीवर एवं आमशय के कैंसर' की बीमारी से जिंदगी और मौत से जूझ रहा है। 2012 में ही इनके पिताजी की भी कैंसर की बीमारी से निधन हो गया था, जो कि विकलांग भी थे। परिवार में अब इनकी माताजी एवं दो भाई है जिनमें से ये बड़ा है और छोटे वाला अभी पढ़ाई कर रहा है। कैंसर के इलाज के चक्कर मे परिवार पूरी तरह से कर्ज मे डूब गया। जैसे ही B+NGO के सदस्यों को घटना का पता लगा तो पीड़ित परिवार की सुध ली और बी पॉजिटिव एनजीओ के सदस्यों ने हॉस्पिटल जाकर 31000/- का चेक पीड़ित को दिया।।

एनजीओ की तरफ से आशा करते है कि भाई महेन्द्र जल्द स्वस्थ हो ।





# अग्निकांड पीड़ित परिवार को सौंपी सहायता



दिनांक 3 अप्रेल 2021, बस दिल जीतने का मक़सद रखो,
दुनिया जीतकर तो सिकन्दर भी, ख़ाली हाथ ही गया था !!

B+ NGO का मानवता की सेवा और सहयोग करने का कारवाँ बढ़ता जा रहा है ।जैसे ही हमे पता लगा कि शंकर जी योगी के घर पर आग लगने से बहुत नुकसान हुआ है, हमने ये सूचना एनजीओ सदस्यों के बीच रखी की कँवरपुरा निवासी पप्पू जी योगी के रिश्तेदार शंकर जी योगी ( मूलनिवास - हरदासपुरा ) के परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण वह अपने जीजा पप्पूजी के उनके सहयोग से उनके पास कच्चा मकान बनाकर व मजदूरी करके अपना गुजर-बसर कर रहा है।होली के त्योहार के एक दिन पहले उनके छप्पर में अज्ञात कारणों से आग लग गई ।NGO सदस्य सुरेश जी मौके पर गये व बताया की इस आगजनी में इनके कपड़े, गहने और इनकी एक मोटर साईकिल जलकर राख हो गए । जनसहयोग से रोजमर्रा के कुछ बर्तनों की सहायता भी की गई है।
अपने एनजीओ की तरफ से भी कुछ सहयोग करने के निर्णय लिए और सदस्यों की सहमति से 21000 का चेक एनजीओ के सदस्यों बाबूलाल जी, सुरेश जी और मोहन जी पीड़ित को दिया।



दिनांक 9 अप्रेल 2021, B+ NGO सदस्य इन्स्पेक्टर राम कुमार जी ने जानकारी दी कि भूराराम ज्याणी निवासी लुखु धोरिमन्ना ( बाड़मेर ) जिनका घर ( तीन झोंपे ) आग से पूरा जलकर राख हो गया। भूराराम जी के घर आगजनी में कोई झोंपा, खाट, धान,बिस्तर आदि कुछ नहीं बचा, सभी आग में जल गया।अग्निकांड में इनके परिवार, बच्चों के सिर ढकने के लिए छप्पर भी नहीं रहा।

B+ NGO ने पहल करके पीड़ित परिवार को 21000/- की मदद की जिससे की सुदूर अंचल निवासी पीड़ित परिवार को राहत मिली।

गौरतलब है की पिछले तीन वर्ष से B+ NGO लोगों को आकस्मिक दुर्घटनाओं, जरूरतमंद बीमार व्यक्तियों, प्रतिभावान विद्यार्थियों की मदद करके संस्था सामाजिक सरोकारों को पूरा कर रही है।सुदूर सीमावर्ती जिलों तक B+ NGO द्वारा मदद अपने सदस्यों की सकारात्मक सोच व सक्रियता के कारण ही संभव हो पा रहा है।

# आर्थिक सहायता प्रदान कर मानवता का उदाहरण पेश किया



दिनांक 15 अप्रेल 2021, परोपकार एवम जरूरतमंद को आर्थिक संबल देने के पावन उद्देश्य को लेकर पिछले 4 बरसों से अपनी सेवाए दे रहे B+ NGO संस्था द्वारा पीड़ित सीताराम गुर्जर पुत्र स्व गणेश गुर्जर निवासी बैनाड़ को उनके निवास पर जाकर B+ NGO की ओर से सचिव श्री कन्हैया लाल यादव,सदस्य श्री सुरेश जैफ ( Add-SP ),विनय कुमार मीणा, नरेंद्र मीणा, श्रीमती पिंकू कुमावत सरपंच बैनाड़, बनवारी मीणा वार्डपंच, मूल चंद मीणा, प्रभु मीणा आदि की उपस्थिति में 21000/- की आर्थिक सहायता प्रदान कर मानव सेवा का उदाहरण पेश किया।

सीता राम गुर्जर खनन मजदूर है जिसका 10 साल पहले खनन मजदूरी के दौरान दुर्घटना में कमर के नीचे का हिस्सा काम करना बंद हो गया।परिवार में इनके 2 बच्चे, एक विधवा बुजुर्ग माताजी व पत्नी इन पर आश्रित है।

## पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता



दिनांक 23 अप्रेल 2021,विगत दिनों NGO सदस्य लक्ष्मणजी धगड़ा ने सूचना दी कि मंगेज गुर्जर निवासी गांव-हरियाजुण ( कुचामण सिटी ,नागौर ) पशुचारण कर परिवार का जीवनयापन करता है। अभी हाल ही में वह अपने मवेशी व परिवार के साथ लक्ष्मीपुरा गांव में ठहरा था। पिछले शुक्रवार को बकरियों के जहरीली पातड़ी खाने से पीड़ित कि सभी 25 बकरियाँ बीमार पड गई। तीन दिनों में पीड़ित ने उपचार में 20 हजार रूपये खर्च के बावजूद एक-एक कर कुल 20 बकरिया काल का ग्रास बन गई है व बचे हुए मवेशी भी उपचाराधीन थे।

B+ NGO ने प्रस्ताव लिया कि पीड़ित को 21000/- कि मदद कि जावें। आज NGO सदस्य लक्ष्मणजी धगड़ा,स्थानीय जनप्रतिनिधि गणेशरामजी आफरिया ( भूतपूर्व सरपंच ), श्रीकृष्णजी मेहता,मंगलजी बगवाड़िया, ओमजी धगड़ा, रामनिवास जी धगड़ा, मानाराम जी मेहता, मुकेश जी आफरिया आदि ग्रामीणजनों की उपस्थिति में पीड़ित परिवार के निवास पर पहुंचकर चैक प्रदान किया।

सभी ग्रामीणजनों ने B+ NGO संस्था द्वारा पिछले 3-4 वर्षों से दु:खी जनों को संबल देने व निस्वार्थ सेवाभाव की मुक्तकंठ प्रशंसा की। निश्चित ही पीड़ितजनों के आशीष-वचन हमें और अधिक प्रेरणा व ऊर्जा देंगे। बीमारी होने पर फ्री में इलाज का आश्वाशन भी दिया। B+ NGO हमेशा से ही मानवता के कार्यों में अग्रणी रहा है तथा आगे भी रहेगा।

## गरीब बेटी की शादी में सहयोग



दिनांक 1 मई 2021, ''खुदा भी अपनी रहमतों की उस पर बरसात करता है। जो जरूरतमंद लोगों की मदद के लिये आगे बढ़ता है।''

दम्बा का बास निवासी रूपचंद जी रैगर जिनकी मृत्यु 10 वर्ष पहले हो चुकी है व विधवा पत्नी गोचर भूमि में अस्थायी मकान बनाकर रहती है। परिवार में महिला के 2 पुत्र व 1पुत्री है। एक पुत्र मजदूरी करता है व दूसरा सातवीं कक्षा में पढ़ता है। परिवार का निर्वाह भी विधवा महिला व बड़े पुत्र की मजदूरी से ही हो रहा है। विधवा महिला की पुत्री की शादी 2 मई को हो रही है एवं स्थानीय लोग भी अपनी क्षमतानुसार सहयोग कर रहे है। B+ NGO के सदस्य भैरु जी, संतोष जी और रमेशजी मेहता महिला के घर जाकर 21000/- रुपये का चेक दिया। ग्रामीण जनों ने एनजीओ के कार्यो की सराहना की और आभार व्यक्त किया।।

## कैंसर पीड़ित की मदद



दिनांक 10 जून 2021, किस्मत में खेला कहे या काल का कुचक्र, एक सक्षम, सौम्य सूरत वाले 36वर्ष के युवक को वक़्त के फ़ेर ने गंभीर बीमारी ने झकझोर कर रख दिया है। महेश जी कुमावत पुत्र श्री रामलाल कुमावत निवासी ग्राम हिंगोनिया,जयपुर पिछले 2 साल से दोनों किडनी खराब होने के कारण महात्मा गाँधी हॉस्पिटल, जयपुर से इलाज पर है। इनके छोटे भाई बनवारी लाल जी ने 2 साल में अब तक 20 लाख से ऊपर रुपये इनके किडनी ट्रांसप्लांट व दवाइयों लगा चुके है। महेश जी के पत्नी व 2 बच्चे है। पिता स्वयं टीबी के पेशेंट है। सारी जिम्मेदारी छोटे भाई के कंधो पर है। बीमारी के खर्चो व पूरे परिवार की जिम्मेदारी ने मानो वक़्त इनकी परीक्षा ले रहा है। सूचना मिलने व पूरी जानकारी करने के बाद B+ NGO ने पीड़ित परिवार को 21000/- की इलाज के लिए सहायता राशि देने का निर्णय किया। आज NGO सचिव कन्हैया जी यादव, रामसिंह जी यादव, शेखर जी यादव ने पीड़ित के घर पहुंचकर सहायता राशि प्रदान की व कुशलक्षेप जानी। पीड़ित के परिवार वालों ने NGO परिवार को साधुवाद व आशीषवचन दिये। गौरतलब है कि B+ NGO विगत 4वर्षों से सामाजिक सेवा, आकस्मिक दुर्घटना-आपदा,स्वास्थ्य, शिक्षा आदि क्षेत्रों जरुरतमंदो कि मदद करता आ रहा है।





## B+ NGO की मदद का करवां धोरों में



दिनांक 13 जून 2021, B+NGO के वरिष्ठ सदस्य जगदीश जी ने जानकारी करके 2 महीने पहले बताया की देवराजगढ़, बालेसर ( जोधपुर ) निवासी नकता राम पुत्र मगाराम के घर में अप्रैल में आग लग गई जिससे उसका कच्चा झोपड़ा, उसमें रखा हुआ सामान तथा झोपड़े के पास में बंधी हुई गाय व बछड़ी भी आग की चपेट में आकर जलने से मर गई।

नकता राम पहले जोधपुर में सड़क किनारे एक ढाबा खोलकर जीवन यापन करता था लेकिन पिछले साल एक्सीडेंट में उसका पैर टूट गया जिस वजह से ट्रीटमेंट के दौरान 3 महीने तक ढाबे पर नहीं पहुंच पाया और ढाबे पर उसका काम पूर्णता बंद हो गया। अभी वह बेरोजगार है तथा वर्षा आधारित खेती पर जीवन यापन कर रहा है। नकता राम के 2 लड़की और 3 लड़के हैं एक लड़की की शादी हो गई है। नकता राम की आर्थिक स्थिति बहुत ही दयनीय है हालांकि उसके दो कमरों का मकान है लेकिन बेरोजगार होने से आर्थिक रूप से हालत खराब है। B+ NGO ने पीड़ित परिवार को 21000/- की मदद का निर्णय लिया। आज NGO सदस्य जगदीश जी सवबाकवूद हटने व परिवहन सुचारु होने पर स्वयं अपने साथियों के साथ सुदूर अंचल में पीड़ित के घर पहुंचकर 21000/- की मदद राशि का चैक परिवार को प्रदान किया।

उल्लेखनीय है की B+ NGO को किसी दुर्घटना की सूचना मिलने व अपने स्तर पर जाँच कर जरूरतमंद पीड़ितों की सेवा करने में हमेशा तत्पर रहा है।

## B+ NGO विधवा वृद्धा को दिया बुढ़ापे में सम्बल



दिनांक 15 जून 2021, ये है प्रेमबेन जो कि एक विधवा मजदूर है। यह गांव-परुजन, नवसारी ( गुजरात ) निवासी है। ये डेयरी फार्म पर रहकर मवेशियों कि देखरेख से 1000/- मासिक मेहनताने से अपना गुजर-बसर करती है।

NGO सदस्य राजेन्द्र जी ( सीनियर बैंक मैनेजर ) का पदस्थापन भी वही है। राजेन्द्र जी ने बताया कि स्थानीय निवासियों ने निवेदन किया कि B+ NGO के माध्यम से एक गाय खरीदकर विधवा वृद्धा को दे दी जाय तो रोजगार का स्थायी समाधान हो जायेगा व बाकी जीवन का गुजारा भी चल सकेगा। राजेन्द्र ी ने 6000/- कि मदद कि पहल की है। डेयरी मालिक ने अपने पशुओं के साथ गाय को रखने व नि:शुल्क चारा व्यवस्था का आश्वासन दिया है। B+ NGO ने विधवा वृद्धा को मदद करने का निर्णय किया। आज NGO सदस्य राजेन्द्र जी अपने साथियों के साथ विधवा महिला के कार्यस्थल पहुंचकर 17000/- की मदद राशि का चैक प्रदान किया। शीघ्र ही इस मदद राशि से वृद्धा को गाय खरीदकर दी जाएगी। सभी स्थानीयजनों ने B+ NGO का धन्यवाद किया व अपनी तरफ से भी मदद करने का आश्वासन दिया



दिनांक 21 जून 2021, B+ NGO ने वृद्धा विधवा प्रेमबेन ( नवसारी, गुजरात ) की मदद करने के लिए पूर्व में 11जुन 2021 के प्रस्ताव से आज उनको एक गाय खरीदकर दी है। विधवा वृद्धा को मदद कर NGO ने बुढ़ापे का सम्बल प्रदान किया है।

आज NGO सदस्य राजेंद्र जी अपने सहयोगियों के साथ लाभान्विता के घर जाकर गाय सौंपी। स्थानीयजनों ने B+ NGO को धन्यवाद दिया।

## विधवा महिला की मदद के लिए आगे आया B+NGO



दिनांक 3 जूलाई 2021, B+ NGO के सदस्य संजय जी कस्वां ने बताया की घीसी देवी के पति राजूराम माली की मृत्यु 3 महीने पहले लम्बी बीमारी के कारण हो गया। राजूराम माली पुरीयो की ढाणी,भिलावट रुपनगढ,जिला अजमेर निवासी है। लम्बी बीमारी के कारण विधवा महिला पर एक तरफ कर्ज का बोझ व दूसरी तरफ 4 बेटियों व 2 छोटे बेटों की जिम्मेदारी अकस्मात आ पड़ी। संजयजी साथीयों के साथ पीड़िता के घर पहुंचकर यथास्थिति मालूम की। पीड़िता को थोड़ी मदद स्थानीयजनों से भी मिली है जो अभी भी नाकाफी रही। पीड़िता के एक टिनशेड का कमरा है जो भी जीर्ण-शीर्ण है।स्थानीयजनों ने दहव से मदद की गुहार की थी।

ऐसे में बी-पॉजिटिव संस्था आगे आय। पीड़ित परिवार को सहायतार्थ 21000 राशि का चेक प्रदान किया।बी-पॉजिटिव संस्था के सदस्य संजय कस्वां,डॉ अशोक पूनिया, अरुण शर्मा, डॉ रामसहाय पूनिया ने पीड़ित परिवार को चेक प्रदान किया।स्थानीय सरपंच महोदय हनुमान जी मेघवाल और आमजन भी उपस्थित रहे।इस मौके पर NGO सचिव कन्हैया जी, कोषाध्यक्ष मोहन जी, सदस्य रमेश जी आदि गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## असहाय परिवार की मदद



दिनांक 9 अगस्त 2021, B+ NGO परिवार के सदस्य डॉ अमित जी ने बताया कि मकान न.31, प्रीती पैराडाइज के पास,लव-कुश नगर, जामडोली, जयपुर निवासी कमल गुर्जर ( वार्डबॉय EOT, SMS Hospital ) का 5 दिन पहले आकस्मिक स्वर्गवास electric current की वजह से हो गया है।

कमल जी गुर्जर अपने परिवार के लिए मुख्य आय के स्रोत थे उनके अचानक यू चले जाने से परिवार पर दु:खो का पहाड सा टूट पड़ा । कमलजी के दो बहिन व भाई है जो शादीशुदा है। अब परिवार कि सारी जिम्मेदारी छोटे भाई पर आ गई है जों म्यूजिक कि ट्यूशन करवाता है। वर्तमान समय में परिवार का खर्चा मवेशी पालन व भाई कि आमदनी से किया जा रहा है बी पॉजिटिव ngo ने की पीडित परिवार की मदद।

आज बी पॉजिटिव ngo की टीम स्व. श्री कमल जी गुर्जर ( वार्ड बॉय eot,sms hospitals ) के निवास स्थान जामडोली पहुँचके उनके पिताजी से मिली ओर आकस्मिक युवा अवस्था मे हुई व्यक्तिगत क्षति में हमेसा उनके साथ खड़े रहने का विश्वास दिलाया।साथ ही दहव की तरफ से 21000/- का आर्थिक सहायतार्थ चेक प्रदान किया। मौके पर ngo प्रचार सचिव डॉ. अमित यादव,सदस्य रमेश जी यादव,रामस्वरूप जी यादव उपस्थित थे।

## असहाय की सेवा पुण्य का कार्य




दिनांक 22 अगस्त 2021, ज्योति पुत्री श्री प्रकाशजी पटीड ( वर्मा ) निवासी जयपुर है जो की गूँगी एवं बहरी है । माता पिता की स्तिथि ख़राब होने के कारण इसकी शादी मामाजी रामचंद्र जी एवं मंगलचंद जी मिलकर लक्ष्मीपुरा में कर रहे है । श्री दशरथ जी सचिव , ग्राम पंचायत लोहरवाड़ा ने बताया की हालाँकि शादी का खर्च मामा जी उठा रहे है लेकिन ज्योति की स्तिथि को देखते हुए अगर हमारे NGO की तरफ़ से ज्योति के लिए FD के रूप में सहायता हो पाए तो आने वाले समय में वो पैसे उसके लिए सम्बल प्रदान कर सकते है । इसलिए B+ NGO ने 21000/- रुपए FD के रूप में ज्योति को आज प्रदान किए । इस मोके पर पूर्व लोहरवाड़ा सरपंच गणेश यादव, सीतारामजी जी धगडा, दशरथजी नाथावत सचिव लोहरवाड़ा पंचायत, NGO सदस्य लक्ष्मीनारायण एवं रामकिशोर यादव मोजूद रहे ।





## बी-पॉजिटिव संस्थान बना गरीब का मसीहा



दिनांक 29 अगस्त 2021, लखीमपुर ( उप्र ) निवासी नरेंद्रसिंह जी कश्यप है। NGO साथी राजेन्द्र जी ( सी. ब्रांच मैनेजर ) के पिछले पदस्थापन पर 200/- देहाड़ी पर ब्रांच में हैल्पर का काम करते थे। पिछले दिनों पिता का साया उठा ही था कि बीमारी से पता लगा की स्वयं की दोनों किडनीयों ने भी जवाब दे दिया है। पीड़ित के परिवार में बेटी व पत्नी के अलावा कोई नहीं है। डायलीसिस व दवा पर खर्च करते-करते परिवार की आर्थिक स्थिति वेंटीलेटर पर आए गई है।

NGO सदस्य राजेन्द्र जी को पीड़ित ने मदद करने की गुहार की थी।राजेन्द्रजी ने NGO से मदद करने पर सहयोग राशि में अपनी तरफ से 5100/- जोड़कर पीड़ित परिवार की मदद करने का प्रस्ताव रखा था। B+NGO ने पीड़ित को 26100/- की आर्थिक मदद करने का निर्णय लिया था जिसे छहव सचिव कन्हैयालालजी, कोषाध्यक्ष मोहनजी यादव एवं सदस्य राजेन्द्रजी ने सहायता राशि को चैक के माध्यम से पीड़ित युवक को भेजी थी। आज पीड़ित ने वीडियो के माध्यम से पूरे NGO परिवार को धन्यवाद वचन कहे है व ngo के सामाजिक व जनकल्याण के पुनीत कार्यों की प्रशंसा की है।

## पशुपालक परिवार को बी पॉजिटिव संस्थान ने सौंपी सहायता



दिनांक 7 सितम्बर 2021, किशनगढ़-रेनवाल क्षेत्र में पिछले दिनों बरसे घनघोर बदरा केशा का बास निवासी रामनारायण राबड के घर आफत की बिजली बनकर गिरे जिसमें इस किसान की 2 गर्भवती भैंसें आकाशीय बिजली के चपेट से बेवक़्त मौत का सबब बन गई।

जैसा की NGO सदस्य प्रकाशजी जटवाल व ग्रामीणजनों ने बताया की रामनारायणजी स्वयं BPL परिवार से है एवं दूध बेचकर परिवार पालते है। घर में पाली-पौसी दो गर्भवती भैसों से परिवार को नई आमदनी की आस बँधी ही थी कि अचानक अकाशीय बिजली के कहर ने अरमान धूमिल कर दिए। परिवार के जीविका पार्जन के लिए 2 बीघा असिंचित जमीन व 2-3 मवेशी है और अब परिवार के पास आय का कोई अन्य स्रोत नहीं रहा।

बी पॉजिटिव संस्थान पीड़ित परिवार की मदद के लिए आगे आया। आज NGO सदस्य पीड़ित के घर पहुंचकर 21000/- की सहायता राशि का चैक प्रदान किया।इस अवसर पर NGO सदस्य प्रकाशजी यादव ,स्थानीय सरपंच पति बीएल यादव,जेपी जटवाल, पंचायत समिति सदस्य मनीषजी तोतला, शिक्षक सागर जी, हीरालालजी शास्त्री आदि नागरिकगण उपस्थित होकर परिवार को आर्थिक व मानसिक संबल दिया।स्थानीय जनों ने बी-पॉजिटिव संस्थान के उद्देश्यों और उनकी कार्यशैली की प्रशंसा की ।

## बी-पॉजिटिव संस्थान ने पीड़ित की सहायता



दिनांक 10 अक्टूबर NGO सचिव कन्हैयालाल जी ने बताया कि जयपुर के श्री सुरेश जी विजयवर्गीय, सिद्दार्थ नगर जयपुर में रहते हैं इनके परिवार में पत्नी,एक पुत्र है । सुरेशजी एक गोदाम में पलदारी का काम करते है, इनके पुत्र आर्यन को Intestine Disorder की Problem हो गई थी और तुरंत Operation की जरूरत थी, इसलिए तुरंत Operation करवाया है। इनकी आर्थिक स्थिति बहुत बदत्तर है और इलाज में काफ़ी रूपए खर्च भी हो चूका है। B+ NGO से पीड़ित की मदद करने का प्रस्ताव आया था।

आज बी-पॉजिटिव संस्थान के वरिष्ठ सदस्य गोपालजी गीला, सचिव-कन्हैयालाल जी यादव, गणेशनारायण जी सेलंग्या पीड़ित बच्चे के घर पहुंचकर सहायता राशि 21000/- का चैक प्रदान किया। पीड़ित के माता-पिता व स्थानीय लोगों ने B+ NGO को उनके नेक कार्य की तारीफ की है। गौरतलब है कि B+ NGO पिछले 4 वर्षो से दुर्घटना, आगजनी, बीमारी से पीड़ितों की मदद करने साथ ही ग्रामीण प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने, रक्तदान व चिकित्सा शिविरों का आयोजन करता रहा है।

## करंट से घायल युवक के इलाज के लिए सहायता



दिनांक 12 अक्टूबर 2021,जैसा की B+ NGO सदस्य श्रवण जी मेला ने बताया की पडौसी गांव पचार-रामकुई निवासी रामस्वरूप सुल्तानिया पिछले दिनों ट्रांसमीटर की मरम्मत करने दौरान बिजली करंट से गंभीर रूप से घायल हो गए। रामस्वरूप जी विधुत विभाग में संविदा कर्मचारी के रूप में कार्यरत है ।प हले विभाग के ठेकेदार व J.En ने पीड़ित कि मदद करने का भरोसा दिया था पर अब वो भी मुकर गए है।

करंट इतना वीभत्सक रहा कि इन्फेक्शन रोकने के लिए एक हाथ काटना पड़ा, एक पैर में इन्फेक्शन भी काफ़ी फ़ैल चूका है। रामस्वरूप जी स्वयं परिवार में कमाने वाले है व पत्नी,2 बेटियों के एकमात्र सहारा है। इनके माता-पिता व बड़ा भाई इनसे अलग रहते है। परिवार की आर्थिक स्थिति भी इतनी अच्छी नहीं है खेती के लिए 2 बीघा ज़मीन है। आज सुबह B+ NGO सदस्य सुरेशजी मीणा ( Ad- SP ), कन्हैयालालजी यादव ( सचिव B+ संस्थान ) सुरेंद्र जी यादव, प्रहलाद जी सेलैंग्या, रामसिंह जी यादव पीड़ित के घर पहुंचकर सहायता राशि 21000/- का चेक रामस्वरूप जी की पत्नी को प्रदान किया।

## स्व. जगदीश चौधरी सकारात्मक सोच सम्मान पत्र समारोह

दिनांक 31 अक्टूबर 2021, B+ NGO द्वारा 'स्व.जगदीश चौधरी सकारात्मक सोच सम्मान पत्र' पुरस्कार ( द्वितीय ) 2020 आज NGO की वार्षिक मीटिंग में 'जन कल्याण युवा संस्था जयपुर' को प्रदान गया। जनकल्याण युवा संस्था के संरक्षक डॉ करणसिंह जी यादव ( पूर्व मंत्री, सांसद ) की गरिमामयी उपस्थिति में NGO परिवार द्वारा जनकल्याण युवा संस्था के अध्यक्ष डॉ रामगोपाल जी यादव व पदाधिकारियों को प्रदान किया गया।

B+ NGO सामाजिक क्षेत्र में विशेष योगदान देने वाले व्यक्तित्व, संस्था, समूह को स्व. जगदीश चौधरी स्मृति पुरस्कार प्रतिवर्ष NGO परिवार द्वारा प्रदान किया जाता है। कार्यक्रम में B+ NGO की कार्यकारिणी का पुनर्गठन किया गया। सर्वसम्मति से कन्हैयालाल चौरिया ( अध्यक्ष ), डॉ अशोक पुनिया ( उपाध्यक्ष ), मनमोहन यादव ( सचिव ), रामस्वरूप यादव ( उपसचिव ), मोहनलाल यादव ( कोषाध्यक्ष ), डॉ अनुष्का ( उपकोषाध्यक्ष ), डॉ अमित यादव ( प्रचारमंत्री-1 ), उर्मिला यादव ( प्रचारमंत्री-2 ) का निर्वाचन किया गया।

NGO सदस्य राजकुमार यादव ( IAS ) ने सभी आँगनतुकों को धन्यवाद ज्ञापित किया।











## बेटी की शादी मे सहयोग



दिनांक 13 नवम्बर 2021, बनवारी जी शर्मा जोकि नाथी का बास निवासी है एवं घर-घर चरी-चुन मांगकर अपने परिवार का गुजारा करते है। घर में पत्नी, एक बेटी व एक 17 वर्षीय बेटा है। पत्नी काफ़ी समय से कैंसर से पीड़ित है। पीड़ित के स्वयं का मकान या ज़मीन नहीं वह परिवार के अन्य लोगों द्वारा दिए गए मकान में आवास कर रहा है। 3 दिन बाद बनवारी जी की बेटी की शादी है।

B+NGO को स्थानीय ग्रामीणजनों कि तरफ से कन्या की शादी में मदद करने का प्रस्ताव आया। B+NGO परिवार ने 21000/- कि नकद मदद परिवार को करने का निर्णय किया। NGO सदस्य सुरेशजी ( कृषि वैज्ञानिक ) ने अपनी तरफ से 11000/ रूपए कि मदद दहव के माध्यम से करने का प्रस्ताव दिया। आज B+NGO के वरिष्ठ सदस्य सुरेशजी साइंटिस्ट, महेशजी, संतोषजी, श्रीरामजी, जगन्नाथजी सरपंच, समाजसेवी, मांगूरामजी, भूरारामजी व स्थानीय लोगों कि उपस्थिति में NGO परिवार कन्या के घर जाकर 32000/- का चैक प्रदान किया। ग्रामीणजनों ने B+NGO के सेवाभाव व जरूरतमंद परिवार की मदद करने कि प्रशंसा की।

उल्लेखनीय है की B+NGO संस्थान विगत 4-5 वर्षों से दुर्घटना, प्राकृतिक विपदा, रक्तदान शिविर, गरीब प्रतिभावान विद्यार्थियों को आगे बढ़ने के अवसर प्रदान करने आदि में जरूरतमंद लोगों की मदद करता रहा है।

## अग्नि पीड़ित को सहायता



दिनांक 18 नवम्बर 2021, B+ NGO सदस्य बाबुलालजी खड़ोत्या ने बताया की हस्तेड़ा निवासी पप्पुरामजी कुमावत के घर शनिवार को अचानक कच्चे मकान में आग लग गई जिसमें 40 मण चारा, 8 बोरी बाजरा, 3 बोरी गेहूं, घरेलु सामान व एक भैंस घायल हो गई।

पप्पुराम जी कारीगर का काम करते है व परिवार में पत्नी, 2 लड़का व 2 लड़की है। पीड़ित एक निर्माणाधीन मकान में अभी रह रहा है । B+ NGO सदस्यों ने 11000/- रुपए का चेक आज पीड़ित के परिवार को सोंपा।

## बुढ़ापे का सहारा बना बी-पॉजिटिव संस्थान



दिनांक 18 नवम्बर 2021, हर इंसान को बुढ़ापे की लाठी के सहारे की आस होती है और अगर बुढ़ापे की लाठी ही खुद बैशाखी बन जाय तो ऐसी वृद्धा की पीड़ा और स्थिति को हम समझ सकते है। ऐसी ही वेदना से गुजर रही है 70 साल की बुजुर्ग विधवा गीता देवी जी शर्मा जोकि रामपुरा-मलिकपुरा निवासी है। इनका इकलौता पुत्र महेशजी शर्मा ( 37 वर्ष ) जो दोनों पैरों से विकलांग हैं तथा बैशाखी के सहारे चलते हैं, इनके पिताजी का देहावसान बहुत पहले हो गया। बुजुर्ग माताजी ग्रामपंचायत में साफ-सफाई का काम करती है। इंदिरा आवास में एक कमरा पीड़िता को निर्मित है पर वो भी जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है। पीड़िता के जीवन के साथ-साथ घर में भी अंधेरा है। आज भी यें लोग मिट्टी तेल लैंप से ही अपना काम चलाते है। B+ NGO को पीड़िता की आर्थिक मदद करने के लिए स्थानीय लोगों ने आग्रह किया है। आज NGO सदस्य महेशजी यादव, बाबुलाल जी, श्रीराम जी ने पीड़िता के घर पहुंचकर पीड़िता को 24200/- का चैक प्रदान किया। स्थानीय ग्रामीणों ने B+ NGO के सेवाभाव व सामाजिक सरोकारों की प्रशंसा की।

## B+NGO के प्रयास से गरीब परिवार को मिला आर्थिक सहारा



दिनांक 23 नवम्बर 2021, हिंगोनियां ग्राम पंचायत में एनजीओ बी पॉजिटिव द्वारा किये जा रही असहाय लोगों की सबसे बड़ी सहायता है। लोहरवाडा ग्राम पंचायत के ग्राम विकास अधिकारी दशरथ सिंह नाथावत ने बताया कि असहाय लोगों की सेवा ही सबसे बडी सेवा होती है। उन्होनें बताया कि हिंगोनियां ग्राम पंचायत के योगी मौहल्ले के गोपीनाथ पुत्र भींवानाथ की असामयिक मृत्यु हो जाने के कारण उसके परिवार पर वज्रपात सा टूट पड़ा। परिवार को चलाने की पूरी जिम्मेदारी गोपीनाथ पर ही थी। उसके एक पुत्र है जो बेरोजगार एवं रूग्ण है। ग्राम विकास अधिकारी दशरथ सिंह नाथावत ने इसकी सूचना बी पॉजिटिव एनजीओ को अवगत करवाई जिसके कारण एनजीओ ने 21000 रू की सहायता राशी का चेक मृतक गोपीनाथ की पत्नि श्रवणी देवी को दिया। इस मोके पर पूर्व लोहरवाड़ा पूर्व सरपंच गणेश यादव, एस आई स्कूल निदेशक शंकरलाल कुमावत, जमन लाल कुमावत, कालूनाथ सहित कई लोग मौजूद रहे।

## असहाय परिवार की मदद

दिनांक 27 नवम्बर 2021, चोमू के पास सामोद के ( काल्या काकरा की ढाणी देहरा रोड़, घाटा ) में एक असहाय व गरीब 7 सदस्यीय परिवार बड़ी मुश्किल से अपना गुजारा चला रहा है। परिवार के मुखिया श्री भगवान सहाय सैनी की कुछ वर्षो पहले मजदूरी करते हुए रीढ़ में चोट आने से कमर से नीचे का शरीर काम करना बंद कर दिया था। कई हॉस्पिटल में भी कर्जा करके ईलाज करवाने का प्रयास किया गया लेकिन फिर भी इलाज नही हुआ।



B+ NGO सदस्य प्रवीण जी सैनी ने बताया की इनके परिवार में कमाने वाला कोई भी नही है। बच्चों की पढ़ाई करवाना भी मुश्किल हो गया है। पीड़ित के एक निर्माणधीन मकान है व 3 बीघा सिंचित ज़मीन है। स्थानीय लोगों द्वारा भी कुछ मदद पीड़ित को मिली है जो अभी नाकाफी है।

B+ NGO ने पहल करते हुए पीड़ित परिवार की मदद करने का निर्णय किया। आज बी-पॉजिटिव संस्थान के सक्रिय सदस्य प्रवीण कुमार सैनी, महावीर चोपड़ा ,रामस्वरूप यादव आदि ने पीडित परिवार को 21 हजार रूपये की राशि का चैक सौंपा। इस मौके पर मदन जीप मलेरिया मन्ना जी जादम राजेश कुमार सैनी पुष्पेंद्र ज्योतिषाचार्य, सुन्दर लाल तँवर रूपनारायण सैनी आदि लोग मौजूद रहे। गौरतलब है की B+ NGO संस्थान पिछले 5 वर्षों से आकस्मिक दुर्घटना, असहाय जनों की मदद, ग्रामीण प्रतिभाओं को सम्बल देने के सरोकारों से जुडा हुआ है।

## दुर्घटना मे घायल की मदद



दिनांक 9 दिसम्बर 2021, रामसिंह यादव पुत्र स्व.कालूराम यादव निवासी निवारू चौकी, जयपुर किसी दुर्घटना के कारण पिछले चार-पांच महीनों से कोमा में है। परिवार में कमाने वाले रामसिंह जी अकेले है पर नियति की क्रूरता ने परिवार के सम्बल को मृतप्राय कर दिया है। रामसिंहजी के एक लड़का और एक लड़की है जो 10वीं व 8वीं में पढ़ते है। पीड़ित के खुद के मकान के अलावा कोई अन्य ज़मीन- जगह नहीं है।

B+ NGO सदस्य प्रहलाद जी यादव ने बताया की बीमारी के कुचक्र में पीड़ित की आर्थिक स्थिति बिगड़ गई है। इनके भाई व परिवारजन ने सामथ्य अनुसार सहयोग किया है पर सबकी सीमाएं है। परिवारजनों ने व स्थानीय लोगों ने NGO से पीड़ित की आर्थिक मदद करने की गुहार की है। आज B+ NGO अध्यक्ष कन्हैया जी, सदस्य प्रहलाद जी, छीतर जी आदि सहयोगियों के साथ पहुंचकर पीड़ित परिवार को 21000/- का चैक सौंपा। स्थानीयजनों ने B+ NGO की पहल का स्वागत किया है।





## राज्यपाल ने बी-पॉजिटिव एनजीओ के सामाजिक कल्याण की ली जानकारी

दिनांक 11 दिसम्बर 2021, आज महामहिम राज्यपाल कालराज जी मिश्र के आमंत्रण पर B+ NGO टीम राजभवन शिष्टाचार भेंट हेतु पहुंची। राज्यपाल महोदय B+ NGO के सामाजिक कल्याण व सामाजिक सरोकारों कि जानकारी ली।



B+ NGO अध्यक्ष कन्हैयालाल जी, सचिव मनमोहन जी यादव व सदस्य सुरेशजी जैफ ने महामहिम महोदय को NGO के सामाजिक कल्याण, प्रेरणा-कार्यक्रम व रक्तदान शिविर आयोजन के जनहित के कार्यो कि प्रगति से अवगत कराया।

महामहिम राज्यपाल ने B+ NGO के सामाजिक सरोकारों कि प्रशंसा की व सभी सदस्यों के सकारात्मक सोच,मानवहित सर्वेदना, निस्वार्थ से वाभाव की प्रशंसा की। राज्यपाल महोदय ने B+ NGO के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनायें दी।

## असहाय परिवार की बेटी की कॉलेज फीस भरने मे की मदद

दिनांक 25 दिसम्बर 2021, मुंडौती निवासी बिमला देवी जिनके पति बनवारीजी का 1महीने पहले देहांत हो गया। अब तीन बेटियों व एक बेटे की पूरी जिम्मेदारी माँ विमला देवी पर आ गई है। माँ विमला देवी नरेगा व दिहाड़ी मजदूरी से अपना परिवार पाल रही है।



B+ NGO सदस्य गणेश जी व शेखर जी ने बताया की अचानक से बनवारी जी की मृत्यु होने से परिवार की आर्थिक स्थिति दयनीय हो गई है। अभी बड़ी बेटी मोनिका का B. Sc, B.Ed इंटीग्रेटेड कोर्स ( 4 वर्ष ) में सिलेक्शन हुआ है जिसकी 27000/- फर्स्ट ईयर फीस विधवा बिमला देवी ने बड़ी जद्दोजहद के बाद कही से उधार लेकर जमा कर पायी है, विडम्बना है की इस इंटीग्रेटेड कोर्स में स्कालरशिप भी कुछ गिने-चुनो को ही मिल पाती है। B+ NGO को बेटी की फीस में सहयोग के लिए प्रस्ताव आया है। आज B+ NGO सदस्य गणेशजी यादव, विमला जी के घर पहुंच कर 27000/- का चैक बेटी के कॉलेज फीस चुकाने के लिए माँ विमलादेवी को सौंपा। इस मौके पर स्थानीयजन हीरा जी, गणपत जी, महेश जी व महेन्द्र जी उपस्थित थे।

गौरतलब है कि B+ NGO जरूरतमंद प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को आगे बढ़ने व अपने सपने साकार करने में हमेशा सारथी बना है। सभी स्थानीयजनों ने मेधावी बेटी को संबल देने के लिए B+ NGO का आभार व्यक्त किया।

## कैंसर व लकवाग्रस्त को 21000/- की सहायता राशि



दिनांक 9 जनवरी 2022, खरीद पाए उदास चेहरों के लिए खुशियाँ। एनजीओ के किरदार का मोल इतना कर दे खुदा।। B+ NGO का मानवता की सेवा और सहयोग करने का कारवाँ बढ़ता जा रहा है। जैसे ही एनजीओ के साथियो के द्वारा पता लगा कि दुलाराम जी मीणा नांगल कोजू के रहने वाले है और चौमू अनाज मंडी में पलदारी करके अपने परिवार का पालन पोषण कर रहे थे लेकिन इनके अब कैंसर की गंभीर बीमारी की वजह से 6 महीने से लकवाग्रस्त होकर खाट पकड़ ली है। स्थानीयजन ने पीड़ित की मदद करने के लिये B+ NGO से आग्रह किया तो एनजीओ सदस्य सुरेश जी खडोत्या, मोहन जी टाटला, रमेश जी मेहता, बाबुलाल जी खातोंदिया और महेन्द्र जी खडोत्या ने दुला राम जी मीणा के घर पहुंचकर पीड़ित की यथास्थिति जानी और पता लगा कि दुलाराम जी घर की आर्थिक स्थिति कमजोर होने के साथ परिवार पर दो लड़कियों की शादी की जिम्मेदारी आ गयी है। अपने एनजीओ की तरफ से भी कुछ सहयोग करने के निर्णय लिए और सदस्यों की सहमति से 21000 का चेक एनजीओ के सदस्यों बाबूलाल जी खातोंदिया, सुरेश जी खडोत्या, रमेश जी मेहता, महेंद्र जी खडोत्या और मोहन जी टाटला ने पीड़ित को दिया। अभी हाल ही में एनजीओ के सदस्यो को माननीय राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने बुलाकर एनजीओ की कार्यप्रणाली के बारे में जाना और कार्यो की प्रशंसा की। हमे गर्व है की हम ऐसे दीन दुखियों की मदद वाले एनजीओ से जुड़े हुए है।

## अग्निकांड पीड़ित परिवार की मदद



दिनांक 14 जनवरी 2022, धोलियाका बास ( रेनवाल ) निवासी शीशराम जी सुल्तानिया जिनका कुछ साल पहले दुर्घटना में पूरा पैर कट गया। शीशराम जी कि पत्नी मवेशी पालन कर अपने परिवार को पाल रही है।

B+ NGO सदस्य लालचंद जी ने बताया कि अनजान कारण से घर में आग लग गई। आग में दुधारू 1 भैंस, 2 बकरिया जिन्दा जल गई। 1 गाय व 2 बकरिया गंभीर रूप से झुलस गई है। सर्दी से बचने के लिए पशुओं को प्लास्टिक ओढ़ा रखी थी जिससे घटना और वीभत्सक बन गई। परिवार के आय का अब कोई जरिया नहीं रहा है। पीड़ित के कुछ कृषि भूमि भी है पर बिना पानी के वो भी बारानी ही रह गई है।

स्थानीय ग्रामीणों ने B+ NGO से पीड़ित परिवार को त्वरित मदद हेतु आग्रह किया था। B+ NGO ने पीड़ित परिवार कि 21000/- कि सहायता करने का निर्णय किया। आज B+ NGO सदस्य महेशजी ,लालचंद जी, श्रीराम जी यादव ने पीड़ित के घर पहुंचकर 21000/- का चैक सौंपा। उपस्थित सभी ग्रामीणों ने B+ NGO संस्थान के सेवाभाव व पीड़ित परिवार को तात्कालिक मदद कि प्रशंसा की। गौरतलब है कि B+ NGO सामाजिक सेवा, दुर्घटना पीड़ितों कि मदद व ग्रामीण प्रतिभाओं को संबल देता रहा है। हाल ही में महामहिम राज्यपाल ने भी B+ NGO के सामाजिक कार्यों की प्रशंसा की है।

## छात्र की कोचिंग के लिए सहायता



दिनांक 28 जनवरी 2022, अणतपुरा-मुंडवाड़ा ( जोबनेर )निवासी प्रतिभाशाली छात्र पवन कुमार चौधरी के सिर से पिता का साया 2 वर्ष की अल्पआयु में ही उठ गया। संयुक्त परिवार में रहकर 12वीं कक्षा 88प्रतिशत से उत्तीर्ण की है। लेकिन अब केवल विधवा माँ ही परिवार में कमाने वाली है।अभी हाल में पवन सीकर में मैट्रिक्स कोचिंग इंस्टिट्यूट में IIT की तैयारी कर रहा है।

B+ NGO सदस्य महेश जी यादव ने बताया कि विधवा मां ने कोचिंग कि 60000/- कि फीस में जैसे-तैसे 20000/- जमा करवा दिए है लेकिन 2दिन बाद बची हुई 40000/- कि फीस इंस्टिट्यूट में जमा होनी है। स्थानीय ग्रामीणों द्वारा 20000/- की सहायता छात्र को दे रहे है। स्थानीय लोगों ने 20000/- के सहयोग के लिए B$ngo से निवेदन किया है।

आज B+ NGO अध्यक्ष कन्हैयाजी, कोषाध्यक्ष मोहनलालजी, लालचंदजी पवन चौधरी के घर पहुंचकर फीस में सहयोग राशि 20000/- का चैक सौंपा। गौरतलब है की B+ NGO ग्रामीण जरूरतमंद प्रतिभाओं को संबल देने का कार्य विगत 5 वर्ष से करता आ रहा है। स्थानीय ग्रामीण जनों ने B+ NGO परिवार के सहयोग की प्रशंसा की है।





## मवेशियों के मरने पर आर्थिक सहायता



दिनांक 2 फरवरी 2022, ये कैलाश जी यादवे व रघुनाथजी गांव लक्ष्मीपुरा ( जोबनेर ) निवासी है। ये मवेशी पालन करके अपना परिवार पालते है। विगत महीने क्षेत्र में खुरपका-मुँहपका रोग के कारण इनकी 8 बकरिया व 2 भैस मर गई है। ओर लगभग परिवार को दो लाख का नुकसान हो गया जिसकी क्षति पूर्ति करना मुश्किल है ।

NGO सदस्य लक्ष्मणजी यादव ने बताया है की कैलाश जी के कुल 12 मवेशी थे जिनमे ज्यादातर पशु मर गए है। यह किसान बटाँई पर खेती भी करते है। स्थानीय लोगों ने पीड़ित कैलाशजी की मदद का अनुरोध किया था ओर उसी को ध्यान में रखते हुए B+ NGO ने 21000/- रुपए का सहायता प्रस्ताव पास किया। आज पीड़ित के परिवार को चेक प्रदान किया गया । इस मोके पर राज यादव IAS, सीता राम जी धगड़ा, श्री किशन यादव, NGO सदस्य लक्ष्मी नारायण यादव , मोरू जी धगड़ा , बंसी जी धगड़ा , कैलाश जी धगड़ा आदि मोजूद थे ।

ज्ञात हो कि B+ NGO संस्थान सामाजिक सेवा, आकस्मिक दुर्घटना में पीड़ित की मदद एवं ग्रामीण जरूरतमंद प्रतिभाओं को आगे लाने का कार्य विगत 5वर्षों से कर रही है। मानवीय सवेंदना के साथ सामाजिक सरोकारों के दायित्व का निर्वहन के लिए यह संस्था प्रतिबद्ध है। B+ NGO द्वारा सैकड़ो प्राकृतिक आपदा पीड़ित, अग्निकांड पीड़ित, दिव्यांग जन ,अनाथालय व वृद्धाश्रम को आर्थिक संबल देने का कार्य किया है।

## बी-पॉजिटिव संस्थान बना अनाथ का सहारा



दिनांक 2 फरवरी 2022, खपरिया ( जयपुर ) गांव निवासी 12 वर्षीय दिव्यांग महिपाल के माता-पिता 5 साल पहले 2 महीने के अंतराल पर ही परलोक सिधार गए। अनाथ महिपाल के दोनों पैर बचपन से ही काम नहीं करते है, ये अपने दैनिक कार्य घसीट- घसीट चलकर कर पाते है। इनके परिवार में केवल एक बड़ा भाई है जिसकी दिहाड़ी मजदूरी से दोनों भाइयों का जीवनयापन हो रहा है। दोनों भाई गोचर भूमि में अस्थायी ईंटे जमाकर बनाये घर में अकेले रहते है। पढ़ाई में होनहार भाई मजदूरी करने के साथ अपनी स्नातक डिग्री भी कर रहा है।

B+ NGO सदस्य अशोकजी यादव ने बताया की माता-पिता की असामायिक मृत्यु के बाद थोड़े दिन भाइयों को चाचा का सहारा मिला पर उसने भी समय के साथ हाथ खड़े कर दिये है। दोनों भाइयों ने ngo परिवार से दिव्यांग के लिए ट्राइ-साइकिल व बड़े भाई की पढ़ाई के लिए आर्थिक मदद का आग्रह किया है।

आज B+ NGO सदस्य अशोकजी ने दिव्यांग बालक को B+ NGO की तरफ से एक ट्राइ-साइकिल भेंट की, साथ ही दोनों भाइयों को पढ़ाई व आवश्यक घरेलु सामान के लिए 16900/- प्रदान किये। B+ NGO वरिष्ठ सदस्य नारायणन श्रीनिवासन जी ने 5000/- की दिव्यांग को अतिरिक्त सहायता करने के लिए बहुत-बहुत साधुवाद।

गौरतलब है की B+ NGO द्वारा प्राकृतिक आपदा पीड़ित, अग्निकांड पीड़ित, दिव्यांग जन ,अनाथालय व वृद्धाश्रम को आर्थिक संबल देने का कार्य करता रहा है।

# बीपीएल परिवार की बेटी की शादी के लिए आगे आया बी प्लस



दिनांक 4 फरवरी 2022, शंकरलाल जी हरिजन किशनगढ़-रेनवाल निवासी है। इनका परिवार बीपीएल श्रेणी में है। ये मजदूरी करके अपना परिवार पालते है। हाल ही में इनका हार्ट का ऑपरेशन हुआ है। परिवार में अब कमाने वाला कोई नहीं है।

B+ NGO सदस्या भगवतीजी ने बताया कि इनकी दो बेटियां है। बड़ी बेटी पूजा का 5 फरवरी की शादी है। बीमार पिता ने B+ NGO से बेटी की शादी में आर्थिक मदद करने की गुहार की है। B+ NGO ने गरीब पिता की बेटी की शादी में 21000/- देने का निर्णय किया।

आज B+ NGO सदस्य भगवतीजी, महेशजी, संतोषजी ने बेटी के घर पहुंचकर बेटी पूजा को संस्थान की तरफ से आशीर्वाद स्वरुप 21000/- का चैक प्रदान किया। इस मौके पर छीतरमल जी, शिवप्रकाश जी, मनोज जी जाखड़ आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# बी-पॉजिटिव के कार्यों को सराहा ...
# सिक्किम के राज्यपाल ने की नकद राशि भेंट



दिनांक 17 फरवरी 2022, सिक्किम के राज्यपाल श्री गंगा प्रसाद ने B+ NGO (राजस्थान में कार्यरत) के कार्यों से प्रसन्न होकर एक लाख रुपए की अनुदान राशि भेंट की। सिक्किम के राज्यपाल महोदय ने B+ NGO की भूरी भूरी प्रशंसा की ओर कहा की NGO जिस प्रकार से मानव सेवा के लिए कार्य कर रहा है वो क़ाबिले तारीफ़ है। सबसे अच्छी बात ये है की इसमें जितने भी सदस्य है वो सब अपनी जेब से हर साल सहयोग राशि प्रदान करते है जिसका प्रयोग लोकतांत्रिक विधि से ग़रीबों की सेवा के लिए किया जाता है। आगे राज्यपाल महोदय ने सभी सदस्यों को धन्यवाद देते हुए मनोबल बढ़ाने हेतु एक लाख का चेक NGOके सदस्य श्री लक्ष्मी नारायण यादव को प्रदान किया। इस मोके पर श्री राज यादव IAS सचिव राज्यपाल भी मोजुद रहे।

ज्ञात हो कि B+ NGO संस्थान सामाजिक सेवा, आकस्मिक दुर्घटना में पीड़ित की मदद एवं ग्रामीण जरूरतमंद प्रतिभाओं को आगे लाने का कार्य विगत 5वर्षों से कर रही है। मानवीय सर्वेदना के साथ सामाजिक सरोकारों के दायित्व का निर्वहन के लिए यह संस्था प्रतिबद्ध है। B+ NGO द्वारा सैकड़ो प्राकृतिक आपदा पीड़ित, अग्निकांड पीड़ित,दिव्यांग जन ,अनाथालय व वृद्धाश्रम को आर्थिक संबल देने का कार्य किया है।





# ऑपरेशन के लिए आर्थिक मदद



धारिका शर्मा जयपुर निवासी है जिसके जन्म से ही बहरापन है। डॉक्टर्स ने इलाज का 30 लाख रूपये का खर्चा बताया था। पिताजी प्राइवेट नौकरी करते है। परिवार ने 7 साल पहले अपना पैतृक मकान बेचकर 15 लाख रूपए में एक कान में कोकलियर इम्प्लांट करवाया था। लेकिन यह भी समय के साथ अब ख़राब हो गया। अब छोटी बच्ची कि पीड़ा के आगे परिवार बेबस और लाचार है।

B+ NGO सदस्य भूपेंद्रजी ने बताया कि अब नई कोक्लियर प्रोसेसिंग मशीन इम्प्लांट का खर्चा डॉक्टर्स ने 673050/- बताया है। जिसमें 2 लाख स्वंय के पास बचत है, 51,000 लोकल लेवल पर करवाये है, ट्रेड ( Exporters/importers ) के लोगों नें भी 1 लाख देनें का वादा किया है।

पीड़िता के पिता ने B+ NGO जितना हो सकें मदद करने कि गुहार की है। B+ NGO ने पीड़िता की 21000/- की मदद करने का निर्णय लिया।

आज B+ NGO सदस्य भूपेंद्रजी पीड़िता के घर पहुंचकर धारिका के पिताजी को 21000/- का चैक प्रदान किया है। समाज में सब लोग थोड़ी-थोड़ी मदद करेंगे तो जल्द ही धारिका का संसार भी धुन और साज भरा होगा।

गौरतलब है की B+ NGO द्वारा प्राकृतिक आपदा पीड़ित, अग्निकांड पीड़ित,दिव्यांग जन ,अनाथालय व वृद्धाश्रम को आर्थिक संबल देने का कार्य करता रहा है।

# बेटी की शादी में की आर्थिक मदद



दिनांक 18 फरवरी 2022, ये है ग्राम बासडी खुर्द की रहने वाली उर्मिला देवी सेन जो एक परित्यक्ता है इनके पति ने 17 साल पहले इनको व इनकी तीन बच्चीयों को छोडक़र महाराष्ट्र चला गया था तथा वहाँ जाकर आज तक वापस नही आया व वही अपनी नई दुनिया बसा ली। इनके तीन बेटियां है,ये इनका पालन पोषण सरकार के द्वारा दी जा रही पालनहार योजना के द्वारा व कुछ अपने घरेलू कार्य से इनको पालन-पोषण कर रही है पुश्तेनी घर मे से इनके एक कमरा हैं उसी में सभी अपना जीवन बसर कर रहे हैं इनकी बेटियों की शादी 18 फरवरी को है गाँव वाले भी कुछ सहयोग कर रहे है।

B+ NGO ने कन्या कि शादी में 21000/- सहयोग करने का निर्णय किया। आज B+ NGO टीम से महेशजी, संतोषजी श्रीरामजी कन्या के निवास पहुंचकर 21000/- की सहायता राशि का चैक परिजनों को सौंपा। स्थानीय ग्रामीणजनों ने गरीब महिला की कठिन समय में मदद करने के लिए B+ NGO परिवार का आभार व्यक्त किया है।

ज्ञातव्य है की B+ NGOसंस्थान पिछले 5 वर्ष से दु:खी-पीड़ित, जरूरतमंद लोगों की मदद करता आ रहा है। हाल ही में राज्यपाल ( सिक्किम सरकार ) ने B+ NGO के सामाजिक कल्याण के कार्य व मदद से प्रभावित होकर 1लाख रूपए का अनुदान भी दिया है।, अग्निकांड पीड़ित, दिव्यांग जन ,अनाथालय व वृद्धाश्रम को आर्थिक संबल देने का कार्य करता रहा है।

## जरूरत मन्द परिवार को सौंपी सहायता राशि



दिनांक 26 फरवरी 2022, ग्राम भैंसलाना निवासी मुकेशजी रैगर दो पुत्रियां के पिता हैं। छोटी बेटी के जन्म के साथ ही 6 गंभीर बीमारियाँ अभिशाप में मिली। डॉक्टर्स ने बताया कि नन्ही जान के आमाशय, मूत्राशय व गर्भाशय का एक साथ है व छोटी आंत व लेटरिंग् मार्ग भी नहीं है।

NGO सदस्यों हेमराज जी चौधरी ने बताया कि बच्ची के सभी का ऑपरेशन एक एक करके ही संभव हो पाएंगे जिनमे से अभी तक 3 ऑपरेशन हो चुके है। इनमें 2-बार जे के लॉन हॉस्पिटल जयपुर से व एक बार प्राइवेट हॉस्पिटल से इलाज करवाया गया। चौथे ऑपरेशन के लिए बच्ची जे के लॉन हॉस्पिटल में भर्ती हैं तथा इसके बाद 2 सर्जरी ओर होगी तभी ये बेटी सामान्य लाइफ जी पायेगी। बच्ची के पिताजी एक निजी विद्यायल में शिक्षक के रूप में कार्य कर रहे हैं और कम आमदनी में भी अधिकांश हिस्सा बीमारी में खर्च कर दिया। हालांकि इलाज अभी जन आधार कार्ड से करवाया जा रहा है पर फिर भी काफी दवाइयां व ऑपरेशन का सामान बाहर मेडिकल से लाना पड़ता हैं व महीने में तीन बार जयपुर डॉक्टर को दिखाने जाना पडता हैं।

स्थानीय ग्रमीणों ने **B** पॉजिटिव NGO के बारे में सुना तो बच्ची की सहायता के लिए NGO परिवार से सहायता के लिए गुजारिश की थी। NGO के सदस्यों ने 21000/- रुपए देने का प्रस्ताव पास किया था जिसका चेक आज लोहरवाड़ा सरपंच गणेश यादव, राम गोपाल जी गिला, सिटरम जी धगड़ा, NGO अध्यक्ष कन्हैया लाल यादव, एवं सदस्य रामकिशोर यादव की उपस्तिथि में मुकेश जी रेगर के घर जाकर दिया गया। मुकेशजी के परिवार ने NGO का कोटि कोटि धन्यवाद ज्ञापित किया।

## नन्ही जान की सहायता



दिनांक 27 फरवरी 2022, देवला, नागौर निवासी 9 वर्षीय बेटी गुंजन के पिता जगदीश मीणा के पैरो तले ज़मीन खिसक गई जब पता लगा के नन्ही जान के दिल में छेद है व पेंक्रियाज ग्रंथि भी प्रॲपर काम नहीं कर रही है।

स्थानीय पत्रकार ओमप्रकाशजी ने बताया कि जगदीशजी हिंगोनिया, जोबनेर में 10 साल से मोटरसाइकिल रिपेयरिंग की दुकान पर काम करते है व गरीब स्थिति होने के कारण उनके छोटे भाई के मकान में आसरा दे रखा है। जगदीश जी के परिवार में पत्नी व 2 बेटियां है।

2 साल पहले बेटी के बीमार होने पर डॉक्टर्स को दिखाया तो पीड़िता के दिल में छेद बताया था और ऑपरेशन भी 13 साल की उम्र होने पर ही संभव होना बताया। अगले चार साल तक नन्ही गुंजन को महँगी दवाइयों का सहारे की जरुरत है।

स्थानीय लोगों ने नन्ही बेटी की महँगी दवा खरीदने में मदद के लिए B + NGO से आग्रह किया था। इसलिए NGO ने बच्ची की सहायता करने हेतु 21000/- रुपए का चेक आज NGO सदस्य रामकिशोर यादव ने ओमप्रकाश यादव की उपस्तिथि में बच्ची के पिता श्री जगदीश मीना एवं माताजी ममता मीना को सोंपा गया।





## ऑपरेशन के लिए आर्थिक मदद



दिनांक 22 मार्च 2022, B+ NGO के बेनर के अधीन कमलेश जी के सहयोग से राजस्थान ITI स्कूल, रेनवाल में आयोजित रक्तदान शिविर 22 मार्च, 2022 को सम्पन्न हुआ जिसमें सभी लोगों में बढ-चढ़कर हिस्सा लिया ओर 619 यूनिट्स रक्त की एकत्रित करने में सहायता की। हमारे NGO के सदस्यों ने भी इसमें भाग लिया ओर मानवता का संदेश दिया। NGO के बेनर के तले ये दूसरा रक्तदान शिविर आयोजित किया गया है। B+ NGO परिवार की तरफ़ से कमलेश जी एवं उनके सहियोगियो को पूरा प्रबंधन सम्भालने के लिए बहुत बहुत साधुवाद।

## सकारात्मक सोच सम्मान पत्र



दिनांक 15 अप्रेल 2020, सकारात्मक सोच सम्मान पत्र - B+ NGO के संस्थापक सदस्य में एक स्व.जगदीश चौधरी की स्मृति में संस्था ने प्रथम B+ NGO सकारात्मक सोच सम्मान पत्र पुरस्कार प्रारम्भ किया गया है। जिसका उद्देश्य पुनीत-आत्मा हो हमेशा दिलों से संजोकर रखना एवं समाज के ऐसे व्यक्ति/संस्था को सम्मानित करना है जो मानव कल्याण व हित में अग्रणी हो।

NGO के सम्मानित सदस्यों की सहमति से इस वर्ष के लिए श्री शैलेन्द्र यादव उर्फ कालू भैया( झालावाड़ ) को यह पुरस्कार देते हुए संस्था को बहुत खुशी हो रही है। यह पुरस्कार संस्था के प्रस्तावित वार्षिक कार्यक्रम में प्रदान किया जायेगा।

श्री शैलेन्द्र यादव हाड़ौती क्षेत्र में सफल व्यवसायी है व सामाजिक सेवा से जुड़े हुई है। आप 'मानव सेवा समिति', 'गायत्री ट्रस्ट', 'मंशापूर्ण बालाजी अखाडा' आदि संस्थाओ से जुड़े हुए हो। आपने झालावाड़ के सरकारी अस्पताल में आपकी संस्था मानव सेवा समिति के माध्यम से भोजनशाला की स्थापना की जोकि 2010-2015 तक प्रतिदिन 1200 व्यक्तियों को 5/- में ही भरपेट भोजन करवाया जिससे 10-12 लाख लोग लाभान्वित हुए।

आपने 2009 से 2015 तक 512 असहाय, विधवा, विकलांग, वृद्ध लोगों को निजी स्तर पर मासिक 500/- पेंशन प्रदान की।

आपने मानव सेवा समिति के माध्यम से जिला अस्पताल को एक एम्बुलेंस निःशुल्क भेंट की।

आपने उत्तराखंड त्रासदी में 50000/-, दो बालिकाओं को स्कालरशिप 70000/-, बालक रुपेश कों दिल के छेद के लिए 70000 /-, असहाय महिला शहनाज को हार्ट वाल्व हेतू 50000/-, खानपुर में रामदेवरा जात्रियों की दुर्घटना में 6 मृत लोगों के परिजनों को 50000-50000/-, मोबीना को वाल्व सबंधित बीमारी हेतू 50000/- सहायता, योगेश कुमार को वाल्व सम्बन्धी बीमारी के लिए 40000/- व अन्य मानव सेवा के कार्य किये है।

आपके द्वारा झालावाड़ अस्पताल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

# बी पोजिटिव न्यूज़ कवरेज

## रक्तदान शिविर के पोस्टर का विमोचन

## रक्तदान सबसे बड़ा पुनित कार्य : मंत्री कटारिया

यहां में 138 लोगों ने किया रक्तदान

## अप्लास्टिक एनीमिया से जूझ रही हर्षिता की मदद के लिए बढ़े हाथ

## एन जी ओ बी पाजिटिव संस्थान ने की सहायता



उन्नति एक्सप्रेस/मोना कुमावत /मुकेश शर्मा

जोबनेर कस्बे के समीपवर्ती ग्राम पंचायत मुण्डोती के पास गांव प्रतापपुरा में पहल करते हुए आर्थिक रूप से कमजोर परिवार की सहायता हेतु एनजीओ बी पाजिटिव सेवा संस्थान आगे आया। सरपंच नंदा राम जाट ने बताया कि श्रवण लाल वर्मा की दुर्घटना होने के कारण परिवार आर्थिक तंगी से जूझ रहा था ऐसे में संस्था के सचिव कन्हैया लाल यादव, कोषाध्यक्ष मोहनलाल चोरिया, रमेश खडोल्या, राम बाबू ने रेखा देवी को 21 हजार की आर्थिक मदद देकर परिवार की ... मिसाल पेश की। ... श्रवण लाल ... समय पहले माता - ... हो गया था, ... बोझ श्रवण लाल वर्मा के कंधों पर पड़ गया था लेकिन परिवार की समस्याएं यहीं समाप्त नहीं हुई, होनी को कुछ ओर ही मंजूर था। कुछ समय पहले श्रवण लाल वर्मा की भी एक सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई और पूरे ... रेखा देवी ... राजकुमार ... कि एनजी... संस्थान ... स्वास्थ्य एवं सेवा के लिए तत्पर रहता है, ने आगे आकर इस परिवार की आर्थिक सहायता की। तहसील किशनगढ़ रेनवाल के निवासी श्रवण लाल वर्मा की दुर्घटना में मृत्यु हो गयी और वो अपने पीछे 5 वर्ष 3 वर्ष और 1 ... तीन बच्चे छोड़ ...

## गंगटोक कलक्टर ने बताए सफलता के गुर

तिगरिया स्कूल में मोटिवेशन सेमिनार

## असहाय परिवार बेटी की कॉलेज फीस भरने के लिए मां को दिया 27 हजार रुपए का चेक

## दुर्घटना में पैर खोने वाली छात्रा को सहायता





## नर सेवा नारायण सेवा

आस-पास

## दुर्घटना में छिन गया सहारा

## 'बी-पॉजिटिव' के कार्यों को सराहा..सिक्किम के राज्यपाल ने की नकद राशि भेंट

प्रदेश में समाजसेवा के क्षेत्र में कार्यरत बी पॉजिटिव एनजीओ का सम्मान

## अग्निकांड पीड़ित को सौंपी सहायता राशि

## बी पॉजिटिव संस्थान द्वारा प्रथम सकारात्मक सोच सम्मान पत्र शैलेन्द्र यादव ऊर्फ (कालु भैया) झालावाड़ को दिया जायेगा

दैनिक भास्कर जयपुर जिला चौमूं

## राज्यपाल ने बी पॉजिटिव एनजीओ के सामाजिक कल्याण की ली जानकारी



भास्कर न्यूज़ | कालाडेरा

राज्यपाल कलराज मिश्र के आमंत्रण पर बी पॉजिटिव एनजीओ टीम ने राजभवन पहुंचकर शिष्टाचार भेंट की।अध्यक्ष कन्हैयालाल यादव,सचिव मनमोहन यादव व सदस्य सुरेश जैफ ने राज्यपाल को एनजीओ के सामाजिक कल्याण प्रेरणा-कार्यक्रम व रक्तदान शिविर आयोजन के जनहित के कार्यों कि प्रगति से अवगत कराया। राज्यपाल ने एनजीओ के सामाजिक सरोकारों कि प्रशंसा कर सभी सदस्यों के सकारात्मक सोच मानवहित सवेंदना निस्वार्थ सेवाभाव की प्रशंसा कर उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनायें दी। गौरतलब है कि यह संस्थान विगत 5 वर्षों से आकस्मिक दुर्घटना,आगजनी, बीमार व जरूरतमंद व्यक्तियों के सहायतार्थ कार्य कर रहा है। साथ ही गरीब प्रतिभाओं को आगे लाने व रक्तदान शिविरों का आयोजन भी करता रहा है।जनसेवा कार्यों के लिए 2020 में केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर द्वारा एशिया एक्सीलेंस अवार्ड से भी नवाजा जा चुका है।

## B+ NGO ने आनंद कुंज वृद्ध आश्रम को सौंपी सहायता सामग्री

दैनिक नवज्योति

## नावां के सहायक आचार्य यादव को संभागीय आयुक्त ने दिया प्रशस्ति पत्र

## बी+NGO के मदद का कारवां पंहुचा ठेठ धोरों में


दैनिक नवज्योति

दिव्यांग महिला को दी आर्थिक सहायता राशि

पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता राशि का सौंपा चेक

वंचितों -गरीबों और आपदा प्रभावितों के उम्मीद की किरण 'बी पॉजिटिव'!

सामाजिक सरोकार के तहत मदद, पीड़ित परिवार के मदद के लिए आगे आए भामाशाह

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

## जरूरतमंद परिवार को सौंपी सहायता राशि

करणसर। लोहरवाड़ा ग्राम स्थित बी पॉजिटिव संस्थान के तत्वावधान में खिरवा ग्राम निवासी शंकर लाल हरिजन के क्षतिग्रस्त मकान व टीन शेड के लिए संस्था ने 21000 हजार रुपए की सहायता का चैक सौंपा गया। आईएएस राजकुमार यादव ने बताया कि शंकर लाल के पास रहने के लिए छत नहीं है व बारिश के दिनों में झोपड़ी व टीन शेड में पानी टपकता रहता है। रामकिशोर यादव की सूचना पर परिवार को सहायता प्रदान की। आईएएस यादव ने कार्यक्रम में कहा कि नर सेवा नारायण सेवा है व समाज में सभी को समान जीवन जीने का अ... व इसी समाज में कोई संकट आने पर इसी समाज द्वारा संयुक्... में मदद करना ही जीवन का ... मदद की अपील की गई ... टण्डक, गोपाल ... रहे।

## जरूरतमंद परिवार को सौंपी सहायता राशि

जरूरतमंद परिवार को दी सहायता राशि

## अग्नि पीड़ित को सौंपी 21 हजार की सहायता

कालवाड़ @ पत्रिका. जयपुर-कालवाड़ रोड स्थित हाथोज के पास मत दिनों हुए अग्निकांड से पीड़ित परिवार के मुखिया को आईएएस ... हजार रुपए की राशि सौंपी ...

जरूरतमंद परिवार की मदद को

फिर मदद को आगे आया 'बी पॉजिटिव', छात्र की कोचिंग के लिए की सहायता

दैनिक भास्कर जयपुर जिला चौमू 12-01-2022

### कैंसर व लकवाग्रस्त को भामाशाह ने दी 21 हजार की आर्थिक सहायता राशि

सामोद/इटावा भोपजी। ग्राम पंचायत नांगल कोजू में करीब 60 वर्षीय बुजुर्ग को गंभीर बीमारी कैंसर व लकवाग्रस्त होने पर बी पॉजिटिव भामाशाह टीम के द्वारा आर्थिक सहायता राशि दी गई है। भामाशाह टीम की ओर से बीमारी से ग्रसित दुलाराम मीणा को 21 हजार की राशि का चेक देकर आर्थिक सहायता की। सदस्य सुरेश खडोल्या, मोहन टाटला, रमेश मेहता, बाबूलाल खडोलिया और महेन्द्र खडोल्या ने दुला राम मीणा के घर पहुंचकर पीड़ित की यथास्थिति जानी तो पता लगा कि दुलाराम के घर की आर्थिक स्थिति कमजोर होने के साथ परिवार पर दो लड़कियों की शादी की जिम्मेदारी आ गई है। इस पर सहयोग किया।

## जरूरतमंद परिवार को सौंपी सहायता राशि